गुरुवार, 27 फरवरी 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 31 – 21 |
| आर्द्रता | 70% |
| सूर्योदय: 5:59 | सूर्यास्त: 17:39 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, फाल्गुन कृष्णपक्ष चतुर्दशी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

**सुविचार :** जब तक जीना, तब तक सीखना अनुभव ही जगत में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक है।



महाशिवरात्रि के पवन अवसर पर कोलकाता के भूतनाथ मंदिर में उमड़ा शिव भक्तों का जनसैलाब।

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# रिकॉर्ड 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के स्नान के साथ महाकुंभ मेला संपन्न



**महाकुंभ नगर (उप्र) :** प्रयागराज में 45 दिनों तक विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक एवं आध्यात्मिक समागम– महाकुंभ 2025, बुधवार को अंतिम स्नान पर्व महाशिवरात्रि के साथ संपन्न हो गया। तेरह जनवरी से प्रारंभ हुए इस मेले में देश विदेश से 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई। मेला प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, बुधवार को शाम छह बजे तक 1.44 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई तथा 13 जनवरी से अब तक स्नान करने वालों की संख्या 66.21 करोड़ पहुंच गई है। श्रद्धालुओं की यह संख्या चीन और भारत को छोड़कर अमेरिका, रूस और यूरोपीय देशों समेत सभी देशों की आबादी से अधिक है। साथ ही यह मक्का और वेटिकन सिटी जाने वाले श्रद्धालुओं से भी अधिक है। महाकुंभ अपनी स्वच्छता को लेकर भी चर्चा में रहा जिसमें स्वच्छता कर्मियों की अहम भूमिका रही। महाकुंभ मेले में स्वच्छता प्रभारी डाक्टर आनंद सिंह ने 'पीटीआई–भाषा' को बताया कि पूरे मेले में 15,000 स्वच्छताकर्मी चौबीसों घंटे ड्यूटी पर तैनात रहे। कई पालियों में उन्होंने साफ सफाई की जिम्मेदारी बखूबी निभाई और मेले में शौचालयों और घाटों को पूरी तरह से साफ रखा। सभी ने उनके कार्यों की सराहना की। महाकुंभ मेले में मौनी अमावस्या को हुई भगदड़ की घटना से इसकी छवि थोड़ी धूमिल हुई, लेकिन श्रद्धालुओं की आस्था पर इस घटना का कोई खास असर नहीं पड़ा और लोगों का आगमन अनवरत जारी रहा। भगदड़ में 30 लोगों की मृत्यु हो गई थी। महाकुंभ मेले में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लेकर कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों, फिल्मी सितारों और खेल जगत, उद्योग जगत की हस्तियों तक ने संगम में डुबकी लगाई और प्रदेश सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाओं की सराहना की। इस महाकुंभ में नदियों के संगम के साथ ही प्राचीनता और आधुनिकता का भी संगम देखने को मिला जिसमें एआई से युक्त कैमरों, एंटी ड्रोन जैसी कई अत्याधुनिक प्रणालियों का उपयोग किया गया और मेला पुलिस को इन प्रणालियों का प्रशिक्षण दिया गया। हालांकि, यह मेला कई विवादों को लेकर भी चर्चा में रहा जैसे फिल्म अभिनेत्री ममता कुलकर्णी का महामंडलेश्वर बनना और उनको लेकर विवाद खड़ा होना। इसके अलावा, गंगा जल की शुद्धता को लेकर राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एनपीसीबी) की रिपोर्ट और फिर उस पर सरकार के हवाले से कई वैज्ञानिकों द्वारा गंगा जल की शुद्धता की पुष्टि करना भी चर्चा में रहा। हिंदुओं की मान्यता है कि ग्रह नक्षत्रों के विशेष संयोग से कुंभ और महाकुंभ में गंगा और संगम में स्नान करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। परमार्थ निकेतन आश्रम, ऋषिकेश के प्रमुख चिदानंद सरस्वती ने 'पीटीआई–भाषा' को बताया, मेरे लिए महाकुंभ तब संपन्न होगा जब अंतिम श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा लेगा। आप कह सकते हैं कि बृहस्पतिवार को ब्रह्म मुहूर्त शुरू होने के साथ मेला समाप्त होगा। इस मेले के लिए एक नया जिला– महाकुंभ नगर अधिसूचित किया गया और मेला संचालन के लिए जिला मजिस्ट्रेट और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक समेत पुलिस और प्रशासन की नियुक्ति की गई। यह प्रदेश का 76वां अस्थायी जिला है। महाकुंभ मेले में सभी 13 अखाड़ों ने तीन प्रमुख पर्वों– मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या और बसंत पंचमी पर अमृत स्नान किया। हालांकि, मौनी अमावस्या के दिन भगदड़ की घटना के बाद अखाड़ों का अमृत स्नान अधर में लटक गया था, लेकिन अंततः अखाड़ों के साधु संतों ने अमृत स्नान किया और बसंत पंचमी स्नान के साथ वे मेला से विदा हो गए।

## उपराष्ट्रपति धनखड़ कल पश्चिम बंगाल का करेंगे दौरा



**नयी दिल्ली/कोलकाता :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। उनके कार्यालय ने यह जानकारी दी। दौरे के दौरान उपराष्ट्रपति बीरभूम जिले में स्थित प्रतिष्ठित शक्तिपीठों में से एक तारापीठ जाएंगे। वह कोलकाता में गौड़ीय मिशन के संस्थापक आचार्य श्रील भक्ति सिद्धांत सरस्वती गोस्वामी प्रभुपाद की 150वीं जयंती के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।



**आज ममता की पार्टी बैठक को राज्यभर में दिखाने की व्यवस्था, बूथ स्तर पर लगेगी विशाल स्क्रीन**

(पृष्ठ 3 )

# दोषी नेताओं पर आजीवन प्रतिबंध कठोर है : केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा

**नयी दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट दोषी करार दिए गए नेताओं पर आजीवन प्रतिबंध लगाने वाली याचिका पर सुनवाई कर रहा है। बुधवार को केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में अपना जवाब दाखिल किया। सरकार ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि राजनीतिक नेता पर चुनाव लड़ने से आजीवन प्रतिबंध लगाना कठोर सजा होगी। वैसे भी इस तरह की अयोग्यता तय करना केवल संसद के अधिकार क्षेत्र में आता है। केंद्र सरकार ने अपने हलफनामे में कहा कि याचिका में जो अनुरोध किया गया है वह विधान को फिर से लिखने या संसद को एक विशेष तरीके से कानून बनाने का निर्देश देने के समान है, जो न्यायिक समीक्षा संबंधी सुप्रीम कोर्ट की शक्तियों से पूरी तरह से परे है। सरकार ने कहा कि यह सवाल कि आजीवन प्रतिबंध लगाना उपयुक्त होगा या नहीं, यह पूरी तरह से संसद के अधिकार क्षेत्र में आता है।



केंद्र ने कहा कि यह कानून का स्थापित सिद्धांत है कि दंड या तो समय या मात्रा के अनुसार निर्धारित होते हैं। यह दलील दी गई है कि याचिकाकर्ता द्वारा उठाए गए मुद्दों के व्यापक प्रभाव हैं और वे स्पष्ट रूप से संसद की विधायी नीति के अंतर्गत आते हैं। इस संबंध में न्यायिक समीक्षा की रूपरेखा में उपयुक्त परिवर्तन करना पड़ेगा।अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय ने सुप्रीम क्रोट में याचिका दायर कर दोषी करार दिए गए राजनीतिक नेताओं पर आजीवन प्रतिबंध लगाने के अलावा देश में सांसदों और विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामलों के त्वरित निस्तारण का अनुरोध किया है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से जवाब मांगा था।

### 6 साल की सजा काफी

केंद्र ने अपने हलफनामे में काह कि शीर्ष अदालत ने निरंतर यह कहा है कि एक विकल्प या दूसरे पर विधायी विकल्प की प्रभावकारिता को लेकर अदालतों में सवाल नहीं उठाया जा सकता। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8 (1) के तहत, अयोग्यता की अवधि दोषसिद्धि की तारीख से 6 साल या कारावास के मामले में रिहाई की तारीख से 6 साल तक है।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री सहित बंगाल भाजपा के 32 नेताओं की सुरक्षा वापस, गृह मंत्रालय का बड़ा कदम

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पश्चिम बंगाल के 32 भाजपा नेताओं की सुरक्षा वापस ले ली है। इस सूची में पूर्व केंद्रीय मंत्री से लेकर राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष, लोकसभा चुनाव उम्मीदवार से लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष तक विभिन्न स्तर के भाजपा नेता शामिल हैं। हालांकि, सभी पराजित उम्मीदवारों या पूर्व मंत्रियों की सुरक्षा नहीं हटाई गई है। कई लोग जो जनप्रतिनिधि नहीं हैं, उनकी सुरक्षा अभी भी बरकरार है। बताया जा रहा है कि गृह मंत्रालय की समीक्षा समिति ने यह सूची तैयार की थी, जिसे बुधवार को सार्वजनिक भी कर दी गई। पूर्व केंद्रीय मंत्री जॉन बॉरला की सुरक्षा भी वापस ले ली गई है। सूची में पूर्व सांसद दशरथ तिर्की और भाजपा नेता शंकुदेव पांडा का भी नाम है। पूर्व आईपीएस अधिकारी देबाशीष धर भी इस सूची में हैं। इसके साथ ही सूची में कई नेताओं के नाम शामिल हैं जो पिछले लोकसभा चुनावों में राज्य के विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों से हार गए थे। डायमंड हार्बर लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार अभिजीत दास और डायमंड हार्बर के पूर्व विधायक दीपक हलदर का नाम सूची में है। इस सूची में पिया साहा, जो बोलपुर लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रही हैं और धनंजय घोष, जो जंगीपुर लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं, शामिल हैं। इसके अलावा, अरुण हलधर, अभिजीत बर्मन, अभिजीत दास (बॉबी), अजब रॉय, अर्जुन विश्वास, अरुणोदय पाल चौधरी, अरुपकांति दिगर, अशोक कंडारी, अशोक पुरकाइट, मंदिर बाजा, वासुदेव सरकार, दशरथ तिर्की, देवव्रत विश्वास, देबांग्शु पांडा, देबाशीष धर, धनंजय घोष, दीपक हलधर, जॉयदीप घोष, जीवेश चंद्र विश्वास, जॉन बारला, लोकनाथ चटर्जी, निर्मल साहा, नित्यानंद चटर्जी, पलाश राणा, पिया साहा, प्रणति माजी, संन्यासी चरण मंडल, शंकुदेव पांडा, तन्मय दास, तमोघन घोष, तापस दास, तारिणी कांत बर्मन भी शामिल है। इस संबंध में, भाजपा नेता जगन्नाथ चटर्जी ने कहा कि गृह मंत्रालय नियमित अंतराल पर समीक्षा करता है। वहां, हम देखते हैं कि किसे अपनी सुरक्षा बढ़ाने की जरूरत है और किसे अपनी सुरक्षा कम करने की जरूरत है। हालांकि, भाजपा नेताओं के व्यवहार से यह बात सामने आई है कि केंद्रीय सुरक्षा केवल उन नेताओं से वापस ली गई है जो पिछले चुनावों में हार गए थे, वर्तमान में निष्क्रिय हैं और पार्टी से दूर हो गए हैं।

Suffering from hip or Knee pain?
Ask Dr. Santosh

ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी आपको सामान्य स्थिति में वापस ला सकती है, जब सटीकता के साथ की जाये –डॉ संतोष कुमार

प्रश्न: घुटने के लिगामेंट पुनर्निर्माण की आवश्यकता किसे है?
डॉ. कुमार: आम तौर पर घुटने के लिगामेंट पुनर्निर्माण जैसे कि एसीएल पुनर्निर्माण आर्थोस्कोपिक प्रक्रिया द्वारा किया जाता है जो युवा सक्रिय लोगों के लिए उपयोग किया जाता है। वृद्ध लोगों के लिए जिसे गठिया पहले से ही हो चुका होता है, तो उनके लिए आर्थोस्कोपिक प्रक्रिया की कोई भूमिका नहीं होती है।
प्रश्न: विस्कोसप्लिमेंटेशन कितना उपयोगी है?
डॉ. कुमार: विस्कोसप्लिमेंटेशन का अर्थ है अत्यधिक क्रॉस लिंक्ड उच्च आणविक भार हायलूरोनिक एसिड का इंजेक्शन जो घुटने का प्राकृतिक स्नेहक है। मेरी राय में, इसकी भूमिका बहुत अधिक नहीं है लेकिन निश्चित रूप से यह एवस्कुलर नेक्रोसिस आदि को कोई नुकसान नहीं पहुंचाता है।
प्रश्न: जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की आवश्यकता किसे है?
डॉ. कुमार: जब कूल्हे या घुटने के प्रतिस्थापन गठिया अपने दर्द, प्रतिबंधित गतिविधियों, अस्थिरता या विकृति के माध्यम से दैनिक जीवन, सामाजिक गतिविधियों, पेशेवर या व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित करना शुरू कर देता है, तो व्यक्ति को जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की आवश्यकता होती है।
प्रश्न: जॉइंट रिप्लेसमेंट की सही उम्र क्या है?
डॉ. कुमार: जब भी दैनिक जीवन की गतिविधियों में बाधा उत्पन्न होती है, चाहे उम्र कुछ भी हो, तो जॉइंट रिप्लेसमेंट पर विचार करना चाहिए। जॉइंट रिप्लेसमेंट में देरी करने से सर्जरी अधिक मुश्किल हो जाती है और रिकवरी में देरी होती है, लेकिन इसे जरूरत से पहले भी नहीं किया जाना चाहिए।



Joint Replacement Surgeon Dr Santosh Kumar With world's latest Navigation System Orthopilot

प्रश्न: गठिया के प्रकार क्या हैं?
डॉ कुमार: अधिकांश गठिया उम्र से संबंधित होते हैं, घिसने के कारण होते हैं, लेकिन विभिन्न विशिष्ट गठिया पूर्ण घुटने को मोड़ने में अधिक समय लगता है, जो कम उम्र में प्रभावित कर सकते हैं जैसे किशोर गठिया, एंकिलॉजिंग स्पॉन्डिलाइटिस, युवा गठिया वाले लोग ज्यादातर हिप गठिया से पीड़ित होते हैं।
प्रश्न: प्रतिस्थापन प्रत्यारोपण की उम्र क्या है?
डॉ. कुमार: बेशक, इसे फिर से किया जा सकता है। प्रतिस्थापन प्रत्यारोपण ज्यादातर सीमेंटेड होते हैं और इनके औसतन 20 से 30 साल तक चलने की उम्मीद की जाती है।
प्रश्न: क्या जॉइंट प्रतिस्थापन सर्जरी दूसरी बार की जा सकती है?
डॉ. कुमार: बेशक हां, इसे फिर से किया जा सकता है और इसे रिवीजन जॉइंट रिप्लेसमेंट कहा जाता है जो पहले या प्राथमिक जॉइंट रिप्लेसमेंट जितना ही सफल होता है।
प्रश्न: सर्जरी के परिणाम को प्रभावित करने वाला सबसे महत्वपूर्ण कारक क्या है?
डॉ कुमार: सबसे महत्वपूर्ण सर्जिकल तकनीक, विशेषज्ञता सर्जन व टीम का अनुभव है।
प्रश्न: क्या घुटने के प्रतिस्थापन के बाद हम पालथी मार कर बैठ सकते हैं?
डॉ कुमार: हां, हमारे पास उच्च फ्लेक्सन घुटने के प्रत्यारोपण और बेहतर सर्जिकल तकनीक हैं जो व्यक्ति को बेड, सोफा आदि चीजों पर पालथी मार कर बैठने में सक्षम बनाती हैं लेकिन अगर सर्जरी से पहले घुटना काफी अकड़ा रहा होगा, तो घुटने के पूरे मोड़ को ठीक करने में अधिक समय लगेगा।
प्रश्न: घुटने के प्रतिस्थापन के बाद किन गतिविधियों को करने की अनुमति है?
डॉ कुमार: अधिकांश गतिविधियां जैसे अप्रतिबंधित पैदल चलना, सीढ़ियां चढ़ना, साइकिल चलाना, ड्राइविंग, तैराकी आदि की अनुमति होगी। वहीं रस्सी कूदना, स्काटिंग जैसी उच्च प्रभाव वाली गतिविधियां प्रतिबंधित हैं।




प्रश्न: फ्रैक्चर नेक फीमर का उपचार क्या है?
डॉ. कुमार: फ्रैक्चर नेक फीमर दो प्रकार का होता है, इंट्राकैप्सुलर और एक्स्ट्रास्कैपुलर। इंट्राकैप्सुलर फ्रैक्चर एक आपात स्थिति है और इसे जल्द ही ठीक करने की जरूरत होती है लेकिन कई मामलों में जब उम्र अधिक हो या जब ऑस्टियोपोरोसिस की आशंका हो, तो हमें जॉइंट को बदलने की जरूरत पड़ सकती है जो कि पूर्ण या आंशिक हो सकता है। एक्स्ट्रास्कैपुलर फ्रैक्चर को हमें कील या प्लेट से ठीक करने की जरूरत होती है।
प्रश्न: हिप रिप्लेसमेंट के लिए सबसे अच्छा इम्प्लांट कौन सा है?
डॉ. कुमार: सबसे अच्छा इम्प्लांट नाम की कोई चीज नहीं होती है। परिणाम अच्छे होते हैं और सर्जिकल की सटीकता पर लॉंजिविटी निर्भर करती है। बेहतर गतिशीलता और स्थिरता के लिए हमारे पास बड़े सिर वाले हिप इम्प्लांट हैं। हमारे पास हड्डी के विकास के लिए छिद्रयुक्त लेपित इम्प्लांट हैं जिन्हें अनसीमेंटेड फिक्सेशन के रूप में जाना जाता है। गतिविधियां मुख्य रूप से दो हैं।
प्रश्न: जॉइंट रिप्लेसमेंट की सफलता दर क्या है
डॉ. कुमार: अच्छी तरह से जॉइंट रिप्लेसमेंट के बाद सर्जन और टीम के हाथों में निर्भर करती है जो इसे दैनिक रूप से करते हैं। चूंकि यह परिशुद्धता आधारित सर्जरी है, इसलिए अच्छी परिशुद्धता अच्छे परिणाम देती है।

Dr. Santosh Kumar Hip & Knee Foundation
Chamber : Plot No 332, Laketown, Block A, Kolkata-700 089
Belle Vue Clinic- Kolkata ● www.mykneemylife.org ● www.facebook.com / Dr.santoshkumar.orthousurgeon
● WhatsApp : 09831911584 ● Email : santdr@gmail.com
● FREE online Consultation Link : bit.ly/consultdrsantosh
Call for Appointment : 9831911584 / 9831266632 ● Experience of Treating 35000+Patients in 18+Years



## वैश्विक प्रयासों से रुकेंगे संगठित अपराध

यह खबर परेशान करने वाली है कि म्यांमार और पूर्वी एशिया के कई देशों से जो संगठित साइबर अपराध संचालित हो रहे हैं, उनके चंगुल में बड़ी संख्या में भारतीय युवा भी हैं। हाल ही में म्यांमार के दुर्गम इलाकों में बनाये गए साइबर अपराधियों के अड्डों से सत्तर भारतीय युवाओं को छुड़ाया गया है। जिनको डरा-धमकाकर भारत में साइबर अपराधों को अंजाम देने के लिये इस्तेमाल किया जाता था। बताया जाता है साल 2022 के बाद म्यांमार, थाईलैंड, लाओस, कंबोडिया आदि से छह सौ से अधिक भारतीयों को अपराधियों के चंगुल से बचाया जा चुका है। आशंका है कि कई हजार भारतीय युवा म्यांमार समेत विभिन्न देशों में साइबर अपराधियों के अड्डों में जबरन रोके गए हैं। दुर्भाग्यपूर्ण है कि भारतीय युवा प्रतिभाएं दलालों की साजिश से संगठित साइबर अपराध करने वाले अंतर्राष्ट्रीय अपराधियों के चंगुल में फंस जाती हैं। विडंबना ही है कि हम अपने युवाओं को न तो रोजगार दे पा रहे हैं और न ही विदेशों में अपना भविष्य संवारने की आकांक्षा रखने वाले युवाओं को फर्जी एजेंटों के चंगुल से बचा पा रहे हैं। आखिर हमारी एजेंसियां ऐसी धोखाधड़ी करने वाले एजेंटों पर नकेल क्यों नहीं कस पा रही हैं। हाल के दिनों में कई ऐसे मामले प्रकाश में आए हैं कि युवा अपनी जमीन बेचकर व कर्ज उठाकर विदेश जाते हैं, लेकिन एजेंटों की धोखाधड़ी से वे साइबर अपराधियों के शिकंजे में फंस जाते हैं। दरअसल, साइबर अपराधियों का मकड़जाल इतना मजबूत हो चुका है कि बिना अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के उन पर नियंत्रण कर पाना संभव न होगा। ऐसे वक्त में जब साइबर अपराधियों का नेटवर्क दुनिया की आर्थिकी को चूना लगा रहा है, मिल-जुलकर इनके खिलाफ अभियान चलाना वक्त की जरूरत है। निश्चित रूप से यह एक विकट संकट है, जिसे दुनिया के देशों को गंभीरता से लेने की जरूरत है। यह जानते हुए कि साइबर अपराधियों का संगठन लगातार ताकतवर होता जा रहा है और वे समानांतर काली अर्थव्यवस्था चला रहे हैं।

दरअसल, हो यह रहा है कि देश-दुनिया में ऑनलाइन फ्रॉड लगातार बढ़ते जा रहे हैं। वे सुनहरे सपने दिखाकर बेरोजगार युवाओं को फंसाते हैं। उन्हें जगह कोई और बतायी जाती है और अंतत: साइबर अपराधियों के अड्डों पर पहुंचा दिया जाता है। युवाओं के पासपोर्ट छीन लिए जाते हैं। ये अड्डे ऐसी जगहों पर होते हैं कि उस देश की पुलिस की पकड़ में वे आसानी से नहीं आते। हाल के वर्षों में साइबर अपराधी इतने चतुर-चालाक हो गए हैं कि निगरानी करने वाली एजेंसियों की पकड़ से आसानी से बच जाते हैं। हाल ही में जिन सत्तर भारतीयों को म्यांमार में साइबर अपराधियों के चंगुल से मुक्त कराया गया, उसमें म्यांमार के सीमा सुरक्षा बल की बड़ी भूमिका रही है। इन मुक्त कराए गए भारतीयों में पंजाब, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना,यूपी व राजस्थान आदि राज्यों के लोग थे। इसी तरह म्यांमार व अन्य पूर्वी एशिया के देशों में साइबर अपराधियों के चंगुल में फंसे हुए भारतीयों को मुक्त कराने के लिए इन देशों की सरकारों से सहयोग मांगा जाना चाहिए। निश्चित तौर पर साइबर अपराधियों द्वारा संचालित अपराधों की लगातार मजबूत होती काली अर्थव्यवस्था पूरी दुनिया की आर्थिक व कानूनी सुरक्षा के लिये चुनौती है। दरअसल, इस काले धन से नशे के कारोबार, आतंकवाद और मानवीय तस्करी जैसे अपराधों को अंजाम दिया जाता है। इस संगठित आपराधिक नेटवर्क पर अविलंब अंकुश लगाने की जरूरत है। जिससे न केवल एक तरह से बंधक बनाये गए युवाओं को मुक्त कराया जा सकेगा बल्कि तेजी से बढ़ती ऑनलाइन ठगी पर अंकुश लग सकेगा। दरअसल, इन साइबर अपराधियों की ऑनलाइन धोखाधड़ी के कारण हर साल कई ट्रिलियन डॉलर का नुकसान विभिन्न देशों की सरकारों को हो रहा है। जो दुनिया की कई बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की जीडीपी के बराबर है। निश्चित तौर पर यह धनराशि दूसरे अपराधों को सींचने में खर्च की जाएगी। एक ओर जहां देश में युवाओं के विदेश जाने वाली व्यवस्था को पारदर्शी व तार्किक बनाने की जरूरत है, वहीं विदेश में भविष्य चमकाने की आकांक्षा रखने वाले युवाओं को जागरूक व सतर्क करने की जरूरत है ताकि वे साइबर अपराधियों के चंगुल में न फंसें।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 27 फरवरी, गुरुवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, फाल्गुन कृष्णपक्ष चतुर्दशी, 08:53 तक, नक्षत्र : धनिष्ठा, 15:33 तक, योग : शवि, 23:32 तक, सूर्योदय: 5:59, सूर्यास्त: 17:38, चन्द्रोदय : 05:39, चन्द्रास्त: 17:01, शक सम्वत: 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : कुम्भ, चन्द्र राशि : कुम्भ, राहू काल : 13:15 से 14:42

## राशिफल

**मेष :** आज आपका दाम्पत्य जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। आपको नयी जिम्मेदारियाँ मिल सकती हैं। जोखिम भरे निवेश लाभकारी सिद्ध हो सकते हैं।

**वृष :** आज आपको सहकर्मियों से मदद मिल सकती है। आज बहुत सारा समय आत्ममन्थन में व्यतीत होगा। सोशल मीडिया में आप महत्वपूर्ण मुद्दों की चर्चा में सम्मिलित हो सकते हैं।

**मिथुन :** आज अधिक धन खर्च न करें। आपके भीतर नयी ऊर्जा का संचार होगा। कड़ी मेहनत के बाद ही सफलता मिलेगी। अजनबियों से अपने मन की बातें शेयर न करें।

**कर्क :** आज धैर्य में कमी होने के कारण कई अवसरों को खो सकते हैं। अपनी वाणी में नियन्त्रण रखने की आवश्यकता है। अप्रिय कार्यों में आप रुचि ले सकते हैं।

**सिंह :** आज पुराने ऋणों को चुकाने के लिये दिन बहुत अच्छा है। घर के अनुभवी सदस्यों से राय अवश्य लें। व्यापारियों के लिये दिन बहुत ही अच्छा है।

**कन्या :** आज मान-सम्मान की चिन्ता रहेगी। विद्युतीय उपकरणों में खराबी आ सकती है। वरिष्ठ अधिकारियों से बहसबाजी न करें। नयी व्यापारिक साझेदारी होने के योग बन रहे हैं।

**तुला :** आज कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। तकनीकी विषयों के अध्ययन में आप रुचि ले सकते हैं। पारिवारिक सदस्यों के साथ हँसी-मजाक भरा समय बितायेंगे।

**वृश्चिक :** आज आपका सम्मान बढ़ेगा। आप नया व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। गले में इन्फेक्शन और जुकाम की समस्या हो सकती है। किसी दीर्घकालिक लक्ष्य को लेकर आप योजना बना सकते हैं।

**धनु :** आज कारोबार में आपको अपेक्षाकृत लाभ प्राप्त होगा। आप आज काफी ज्यादा व्यस्त रहेंगे। उलझे हुये मामलों को आप सुलझाने का प्रयास करें।

**मकर :** आज प्रसन्नता का माहौल रहेगा। आर्थिक मामलों में लापरवाही न करें। आपके आत्मविश्वास में कमी आ सकती है। तनाव आपके ऊपर हावी हो सकता है।

**कुम्भ :** आज दंपत्तियों के बीच आपसी सामंजस्य बहुत अच्छा रहेगा। रक्तचाप की समस्या से निजात मिल सकती है। नया कारोबार शुरू करने के योग बन रहे हैं।

**मीन :** आज एकाग्रता में कमी रहेगी। एक साथ अनेक काम करने पड़ेंगे। बच्चों के ऊपर गर्व की अनुभूति होगी। दोस्तों पर आँख-मूँदकर विश्वास न करें।

# जल्द करें जन समस्याओं का समाधान, बदमाशों को सिखाएं सबक : मुख्यमंत्री आदित्यनाथ

**गोरखपुर (उप्र) :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार की सुबह जनता दर्शन में आए लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनके जल्द से जल्द निस्तारण के आदेश दिये। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को आमजन को सताने, धमकाने और उनकी संपत्ति पर अवैध कब्जा करने वाले बदमाशों को कानूनी सबक सिखाने के भी आदेश दिये और ताकीद की कि इसमें किसी भी तरह की शिथिलता या लापरवाही नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा, हर समस्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और संतुष्टिपरक होना चाहिए। जनता की हर पीड़ा का निवारण सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। राज्य सरकार द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री जनता दर्शन में गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 200 लोगों से मुलाकात की और सभी को आश्वस्त किया कि सरकार किसी के साथ अन्याय नहीं होने देगी। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित निस्तारण का निर्देश देने के साथ मुख्यमंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने अधिकारियों को यह भी हिदायत दी कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं तथा उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। आदित्यनाथ ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी।

### शिवरात्रि पर योगी ने गोरखपुर के चार शिवालयों में पूजा-अर्चना की



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर गोरखपुर में गोरक्षनाथ मंदिर के अलावा चार शिवालयों में पूजा-अर्चना की और भगवान आदियोगी से लोकमंगल, राष्ट्र कल्याण और सभी नागरिकों के लिए आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय एवं शांतिमय जीवन की प्रार्थना की। एक बयान के मुताबिक, गोरक्षपीठाधीश्वर योगी ने सुबह गोरक्षनाथ मंदिर के प्रथम तल पर स्थित शक्ति मंदिर में गाय के दूध से भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया। इसमें कहा गया है कि योगी ने शक्ति मंदिर में हवन और आरती भी की, जिसके बाद वह गोरक्षनाथ मंदिर परिसर में स्थित शिव मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने नंदी की पूजा और भगवान शिव का जलाभिषेक किया। बयान के अनुसार, योगी ने अंधियारीबाग स्थित प्राचीन मानसरोवर मंदिर, राजघाट स्थित मुक्तेश्वरनाथ मंदिर और झारखंडी स्थित झारखंडी महादेव मंदिर में भोलेनाथ का दर्शन, पूजन व जलाभिषेक कर लोकमंगल की कामना की।

## महाशिवरात्रि उत्सव शुरू होते ही अयोध्या में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी



**अयोध्या (उप्र) :** महाशिवरात्रि पर बुधवार को अयोध्या में बड़ी संख्या में लोग शिव मंदिरों में पूजा-अर्चना करने के लिए उमड़े और भक्ति भाव से ''हर हर महादेव'' का नारा लगाया। इस अवसर पर मंदिरों के शहर को सजाया गया। प्रमुख शिव मंदिरों में रोशनी का विशेष प्रबंध किया गया है। भगवान शिव को जल और दूध चढ़ाकर पवित्र 'जलाभिषेक' करने के लिए आस-पास के जिलों से श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। अधिकारियों ने बताया कि ऐसा अनुमान है कि मंगलवार तक करीब 15 लाख श्रद्धालु अयोध्या पहुंच चुके थे तथा बुधवार को भीड़ और बढ़ गई। राम की पैड़ी स्थित प्राचीन नागेश्वर नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सुबह-सुबह ही कपाट खोल दिए गए। मंदिर प्रशासक सभापति तिवारी ने कहा कि मंगलवार को भगवान शिव का भव्य श्रृंगार किया गया और मुख्य उत्सव से पहले अनुष्ठान पूरे किए गए।

## राजस्थान में महाशिवरात्रि पर्व पर मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़



**जयपुर :** राजस्थान में महाशिवरात्रि का पर्व बुधवार को भक्तिभाव, श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर शिवालयों में भोले बाबा की विशेष पूजा-अर्चना हो रही है। जयपुर, जोधपुर, अजमेर, उदयपुर, कोटा, सीकर सहित सभी जिलों के शिव मंदिरों में जलाभिषेक के लिये लोगों की लंबी कतारें देखी गईं। जयपुर के ताड़केश्वरनाथ मंदिर, झारखंड महादेव समेत अन्य मंदिरों में सुबह से ही जल लेकर श्रद्धालु कतारों में लगे थे। शिवालयों में 'ओम नमः शिवायः', 'हर हर महादेव', 'बम बम भोले' के जयघोष के साथ महादेवजी का अभिषेक किया जा रहा है। जयपुर के ताड़केश्वर महादेव मंदिर में चार प्रहर की पूजा होगी। देर शाम शुरू होने वाला अनुष्ठान बृहस्पतिवार सुबह तक चलेगा। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने महाशिवरात्रि के पर्व पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने एक बयान में कहा कि महाशिवरात्रि भारतीय संस्कृति का अनूठा उत्सव है।

### कर्ज में डूबे किसान ने की गोली मारकर आत्महत्या

**मुजफ्फरनगर (उप्र) :** मुजफ्फरनगर जिले के झिंझाना क्षेत्र में कर्ज में डूबे एक किसान ने कथित रूप से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस क्षेत्राधिकारी श्याम सिंह ने बुधवार को बताया कि झिंझाना थाना क्षेत्र के पुरमाली गांव में मंगलवार को आजाद (50) नामक एक किसान ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली। उसका शव उसके खेत में पाया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है। परिजन के मुताबिक किसान ने कर्ज के बोझ से लाचार होकर आत्महत्या की है। मृतक के भाई धर्मेंद्र के अनुसार आजाद ने अपनी पत्नी की बीमारी के इलाज के लिए पंजाब नेशनल बैंक और सहकारी समिति से छह लाख रुपये से ज्यादा का कर्ज लिया था। इसे चुका ना पाने के कारण वह बेहद परेशान था। इसीलिये उसने अपने खेत में आत्महत्या कर ली।

### मकान में घुसी अनियंत्रित कार : चार श्रद्धालुओं की मौत, पांच जख्मी

**प्रतापगढ़ (उप्र) :** प्रतापगढ़ जिले के कोतवाली देहात क्षेत्र में बुधवार तड़के एक कार के अनियंत्रित होकर एक घर में घुस जाने से अयोध्या जा रहे चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई तथा पांच अन्य घायल हो गये। पुलिस क्षेत्राधिकारी (नगर क्षेत्र) शिव नारायण वैश ने बुधवार को बताया कि थाना देहात कोतवाली क्षेत्र में अयोध्या-प्रयागराज राजमार्ग पर स्थित राजगढ़ गांव में बबुरहा मोड़ के पास आज तड़के लगभग ढाई बजे एक कार अनियंत्रित होकर एक घर में जा घुसी। उन्होंने बताया कि इस घटना में कार सवार सात लोगों के साथ-साथ घर में सो रही रेनू ओझा और उसके पति मनोज समेत नौ लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये।

### हत्या के दोषी दो लोगों को आजीवन कारावास

**बलिया (उप्र) :** बलिया की एक स्थानीय अदालत ने हत्या के चार वर्ष पुराने एक मामले में दो आरोपियों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार जिले के नगरा क्षेत्र स्थित बगडौरा गांव में हीरामन नामक व्यक्ति की 21 नवंबर 2020 की सुबह गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। इस मामले में मृतक के बेटे सिंटू की तहरीर पर छह लोगों के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज किया गया था।

## बाघिन को ग्रामीणों ने पीट-पीटकर मार डाला, एक बाघ की सड़क दुर्घटना में मौत

**लखीमपुर खीरी (उप्र) :** लखीमपुर खीरी जिले में दुधवा टाइगर रिजर्व के बफर जोन में बुधवार सुबह दो ग्रामीणों पर हमला करने वाली एक बाघिन को लोगों ने लाठी-डंडों से पीट-पीट कर मार डाला। वहीं, सड़क दुर्घटना में एक बाघ की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दुधवा बफर जोन के उप निदेशक सौरीश सहाय ने बताया कि टाइगर रिजर्व के बफर जोन में पलिया तहसील स्थित फुलवरिया गांव में एक बाघिन ने दो ग्रामीणों पर हमला कर दिया। शोर सुनकर मौके पर जुटे ग्रामीणों की भीड़ ने बाघिन को लाठी-डंडों से पीट-पीटकर मार डाला। उन्होंने



बताया कि बाघिन के हमले में घायल ग्रामीणों को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनकी हालत स्थिर बताई जाती है। सहाय ने बताया कि सूचना पर वन विभाग के अधिकारी गांव पहुंचे और मृत बाघिन को पलिया रेंज मुख्यालय ले गए। उन्होंने बताया कि बाघिन की हत्या के मामले में पलिया थाने में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की धाराओं के तहत अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## महाशिवरात्रि : शिवालयों में उमड़ी भीड़, बाबा काशी विश्वनाथ के दरबार पहुंचे अखाड़े के संत



**लखनऊ :** महाशिवरात्रि के अवसर पर पूरे उत्तर प्रदेश भर में शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। वाराणसी में भव्य जुलूस से लेकर छोटे शहरों में शांतिपूर्ण अनुष्ठानों तक लोग भगवान शिव से आशीर्वाद लेने के लिए एकत्र हुए। महाशिवरात्रि के पर्व पर वाराणसी में नागा साधुओं और अखाड़ों के साधु- संतों ने शोभा यात्रा निकाल कर बाबा श्री काशी विश्वनाथ का दर्शन-पूजन किया।

## बिहार: नीतीश कुमार ने कैबिनेट में सात नये चेहरों को शामिल किया, सभी भाजपा विधायक

**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को अपने मंत्रिमंडल का विस्तार करते हुए गठबंधन सहयोगी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सात विधायकों को शामिल किया। पटना में राजभवन में आयोजित एक समारोह में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने नये मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। जिन विधायकों को मंत्री बनाया गया है उनमें जिबेश कुमार, संजय सरावगी, सुनील कुमार, राजू कुमार सिंह, मोती लाल प्रसाद, विजय कुमार मंडल और कृष्ण कुमार मंटू शामिल हैं। इस विस्तार के बाद मंत्रिमंडल में सदस्यों की संख्या बढ़कर 36 हो गई है। इससे पहले दिन में बिहार भाजपा अध्यक्ष दिलीप जयसवाल ने अपनी पार्टी की ''एक व्यक्ति, एक पद'' की नीति के अनुरूप नीतीश कुमार मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया। जायसवाल को पिछले साल जनवरी में जदयू अध्यक्ष नीतीश कुमार के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल होने के बाद गठित नये मंत्रिमंडल में राजस्व और भूमि सुधार विभाग का प्रभार प्रदान किया गया था। जायसवाल जुलाई, 2024 में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के स्थान पर भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष बनाये गये थे।

### बिहार भाजपा प्रमुख दिलीप जायसवाल ने मंत्रिमंडल विस्तार से पहले मंत्री पद से इस्तीफा दिया

**पटना :** भाजपा की बिहार इकाई के अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने अपनी पार्टी की 'एक नेता, एक पद' की नीति का पालन करते हुए बुधवार की सुबह नीतीश कुमार के मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया। सूचना और जनसंपर्क विभाग के अनुसार, जायसवाल का इस्तीफा शाम को होने जा रहे मंत्रिपरिषद के विस्तार से पहले आया है। जायसवाल बिहार सरकार में महत्वपूर्ण राजस्व और भूमि सुधार मंत्री थे। राज्य में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल होने के साथ भाजपा के सत्ता में लौटने के बाद उन्हें पिछले साल जनवरी में मंत्रिमंडल में शामिल किया गया था।

### बलात्कार के दोषी के भाई ने बदला लेने के लिये की पीड़िता के भाई की हत्या

**गाजियाबाद (उप्र) :** गाजियाबाद के मधुबन बापूधाम क्षेत्र में बलात्कार के दोषी करार दिये गये एक व्यक्ति के भाई ने बदला लेने के लिए पीड़िता के भाई की कथित रूप से हत्या कर दी। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी सरफराज को 27 वर्षीय व्यक्ति की हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उसका शव 22 फरवरी को कमला नेहरू नगर के सुनसान इलाके में मिला था। पुलिस उपायुक्त राजेश कुमार ने कहा कि पूछताछ के दौरान सरफराज ने हत्या की बात कुबूल की और बताया कि कत्ल को अंजाम देने का उसका मकसद बदला लेना था। कुमार के मुताबिक, सरफराज ने बताया कि उसके छोटे भाई मनु ने 2023 में एक नाबालिग लड़की से बलात्कार किया था और इस मामले में अदालत ने मनु को दोषी ठहराया था और वह वर्तमान में 20 साल कैद की सजा काट रहा है। उन्होंने बताया कि मनु को सजा दिलाने में बलात्कार पीड़िता के भाई ने अहम भूमिका निभायी थी और इसी को लेकर वह उससे रंजिश रखता था। कुमार ने बताया कि सरफराज ने एक साजिश के तहत बलात्कार पीड़िता के भाई से दोस्ती की और शुक्रवार शाम को उसे कमला नेहरू नगर में एक सुनसान जगह पर शराब पीने के लिये ले गया तथा शराब पीने के दौरान सरफराज ने एक बड़े पत्थर से उसके सिर और चेहरे पर प्रहार किये, जिससे उसकी मौत हो गयी।

## आप ने अपने रास सदस्य को विस उपचुनाव में उतारा, विपक्ष ने केजरीवाल के राज्यसभा जाने का दावा किया

**चंडीगढ़ :** आम आदमी पार्टी (आप) ने बुधवार को लुधियाना पश्चिम विधानसभा उपचुनाव के लिए राज्यसभा सांसद संजीव अरोड़ा को उम्मीदवार बनाया जिसके बाद विपक्षी दलों ने दावा किया कि अरोड़ा के इस्तीफा देने के बाद पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल राज्यसभा में प्रवेश करेंगे। अगर अरोड़ा उपचुनाव जीतते हैं तो उन्हें राज्यसभा की सदस्यता छोड़नी होगी। लुधियाना पश्चिम सीट आम आदमी पार्टी के विधायक गुरप्रीत बस्सी गोगी के निधन के बाद खाली हुई थी। गोगी की पिछले महीने लाइसेंसी हथियार से दुर्घटनावश गोली चलने से मौत हो गई थी। दिल्ली विधानसभा चुनाव में नयी दिल्ली सीट से अरविंद केजरीवाल चुनाव हार गये थे। आप के एक प्रवक्ता ने विपक्षी दलों के दावों को खारिज किया। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव संदीप पाठक ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर संजीव अरोड़ा की उम्मीदवारी की घोषणा की। लुधियाना के उद्योगपति संजीव अरोड़ा वर्ष 2022 से राज्यसभा सदस्य हैं। अरोड़ा ने कहा कि उन्हें चुनाव लड़ने का अवसर देने के लिए वह पार्टी नेतृत्व के आभारी हैं। अरोड़ा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर लिखा, लुधियाना पश्चिम उपचुनाव के लिए मुझ पर विश्वास जताने के लिए 'आप' नेतृत्व का आभारी हूं। मैं समर्पण और ईमानदारी के साथ अपने लोगों की सेवा करने के लिए तत्पर हूं। इस घो-षणा के बाद कांग्रेस विधायक सुखपाल सिंह खैरा ने दावा किया कि अरविंद केजरीवाल अरोड़ा की जगह राज्यसभा जाएंगे। खैरा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, अगर राज्यसभा सांसद संजीव अरोड़ा को लुधियाना पश्चिम उपचुनाव के लिए आप उम्मीदवार बनाया गया है, तो मुझे यकीन है कि अरविंद केजरीवाल उनकी जगह राज्यसभा सदस्य बनेंगे! शिरोमणि अकाली दल के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया ने भी दावा किया कि केजरीवाल या दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया राज्यसभा में अरोड़ा की जगह लेंगे।

## वर्ग पहेली नं. 3017

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | ■ | 6 | 7 | | ■ | 8 | | |
| 9 | | 10 | ■ | 11 | | 12 | ■ | ■ | |
| | ■ | 13 | | | ■ | 14 | | 15 | |
| 16 | 17 | | ■ | ■ | 18 | | ■ | | ■ |
| ■ | | ■ | 19 | | | ■ | 20 | | 21 |
| 22 | | | | ■ | 23 | 24 | | ■ | |
| | ■ | ■ | 25 | 26 | ■ | 27 | | 28 | |
| 29 | | | ■ | 30 | | | ■ | 31 | |

*बायें से दायें:-* 1) मित्रताभंग; शत्रुता, 3) अपव्यय; भोगविलास, 6) जयपराजयहीन, 8) पंक्ति, 9) ठूँसना; धक्काबुक्की करना, 11) एक राशि, 13) आग्रही, 14) संपत्ति, 16) उत्साह; खीज, 18) खंदक, 19) पैरों से चलना, 20) महावर, 22) पूरा-पूरा, 23) साधारण, 25) जाँबाज, 27) भगवान बुद्ध, 29) षड्यंत्र, 30) विदित, 31) मनोरम.

*ऊपर से नीचे:-* 1) आकस्मिक, 2) रग; नाड़ी, 3) चश्मा, 4) आचरण; नैतिकता; सभ्यता, 5) नष्ट, 7) मुक़दमा; विवाद का कारण, 10) व्यर्थ, 12) लिहाफ, 15) प्रविष्ट, 17) बोतल; मद्य, 18) राष्ट्रीय-कृत; सिक्ख संप्रदाय, 19) समर्थन; सिफ़ारिश, 20) नहीं तो, 21) न्यूनाधिक, 22 अकस्मात, 24) शोक, 26) लक्ष्मी; इंदिरा, 28) विष.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मं | गे | त | र | ■ | ब | ल | वा | ■ | ब |
| ग | ■ | न | ज | रा | ना | ■ | चा | क | र |
| ल | गा | ना | ■ | स | ना | ह | ■ | ■ | क |
| दा | ■ | ■ | न | भ | ■ | न | सी | ह | त |
| य | ज | मा | न | ■ | ती | न | ■ | वे | ■ |
| क | टि | ■ | सा | ह | स | ■ | द | ली | ल |
| ■ | ल | बा | र | ■ | रा | के | श | ■ | क्ष्य |
| प | ■ | ह | ■ | अं | ■ | ■ | ह | रा | ■ |
| ति | त | र | बि | त | र | ■ | रा | ह | त |

शब्दवेधी

## सुडोकू-पहेली-2977

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 5 | | 1 | | | |
| | 2 | 4 | | | | | | |
| | 3 | | 9 | | | | | |
| 9 | | | | | | 2 | | 1 |
| 1 | | | 8 | | | | | |
| | | | | | | 3 | | |
| | | 6 | | 2 | | | | |
| 8 | | | | | | | 6 | |
| | | | | | | | 8 | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 2976 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 5 | 8 | 9 | 2 | 4 | 1 | 3 |
| 3 | 8 | 4 | 1 | 7 | 6 | 5 | 9 | 2 |
| 2 | 9 | 1 | 5 | 3 | 4 | 6 | 7 | 8 |
| 5 | 4 | 8 | 9 | 2 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 8 | 7 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 5 | 2 | 8 | 4 |
| 1 | 7 | 6 | 2 | 8 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 8 | 5 | 2 | 7 | 4 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 4 | 3 | 9 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 |

# भ्रष्टाचार का आरोप लगाने पर तृणमूल के चार पार्षदों को कारण बताओ नोटिस

**पुरुलिया :** तृणमूल कांग्रेस द्वारा संचालित रघुनाथपुर नगर पालिका में अंदरूनी कलह तेज हो गई है। तृणमूल कांग्रेस के ही चार पार्षदों ने नगर पालिका प्रमुख पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं, जिसके बाद पार्टी ने उन्हें शोकॉज नोटिस जारी किया है। शोकॉज किए गए पार्षदों में मृत्युंजय प्रामाणिक, प्रणब देवघरिया, मालविका साईं और सुसांतशेखर घोष शामिल हैं।

इन चार पार्षदों ने नगर पालिका मंत्री को लिखित शिकायत दी थी, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि नगर पालिका प्रमुख और कार्यकारी अधिकारी ठेका (टेंडर) प्रक्रिया सहित कई मामलों में भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। उनका कहना है कि उन्होंने पार्टी नेतृत्व को कई बार इस बारे में सूचित किया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिसके बाद उन्हें मंत्री को लिखित शिकायत देनी पड़ी।

हालांकि, नगर पालिका प्रमुख ने इन आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि ये चार पार्षद विकास कार्यों का विरोध कर रहे हैं और नगर पालिका के किसी भी कार्य में सहयोग नहीं कर रहे। उन्होंने दावा किया कि सभी कार्य सामान्य सभा में पार्षदों की राय लेकर ही किए गए हैं और इन चारों पार्षदों की गतिविधियों को लेकर पार्टी को सूचित किया गया है।

इस विवाद के बाद, रघुनाथपुर शहर तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष ने चारों पार्षदों को शोकॉज नोटिस भेजा है। उनका आरोप है कि ये पार्षद पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल हैं और बिना आधार के बयान दे रहे हैं। पार्टी ने उन्हें 10 दिनों के भीतर लिखित जवाब देने को कहा है।

तृणमूल कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ने भी इस मामले पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि यदि कोई समस्या थी तो इसे पार्टी फोरम में उठाया जाना चाहिए था, न कि सार्वजनिक रूप से आरोप लगाकर पार्टी की छवि धूमिल की जानी चाहिए।

## बिष्णुपुर में सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी से जालसाजी के आरोप में दो और गिरफ्तार

❑ **डिजिटल गिरफ्तारी का डर दिखाकर 10 लाख रुपये से अधिक की ठगी का आरोप**

❑ **मामले में अबतक कुल सात गिरफ्तारी**



**बांकुड़ा :** बांकुड़ा जिले के बिष्णुपुर में एक सेवानिवृत्त केंद्रीय सरकारी कर्मचारी को डिजिटल गिरफ्तारी की धमकी देकर जालसाजों ने उससे 10 लाख रुपये से अधिक की ठगी कर ली थी। पुलिस ने घटना के सिलसिले में ओडिशा से दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों के नाम कुलु पटेल और अभिषेक मेहर है। बता दें कि इससे पहले गुजरात और तेलंगाना से पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में अबतक कुल सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि गत 17 जनवरी को बिष्णुपुर शहर के निवासी व सेवानिवृत्त केंद्रीय सरकारी कर्मचारी श्यामापद मंडल को एक अज्ञात नंबर से कॉल आया था। फोन पर दूसरी तरफ मौजूद व्यक्ति ने खुद को मुंबई कस्टम्स का अधिकारी बताया और श्यामपद को बताया कि उनके नाम पर अवैध सामान जब्त किया गया है। यहां तककि उन्हें यह भी बताया गया कि उन्हें डिजिटल तरीके से गिरफ्तार किया जाएगा। डरे हुए श्यामापद ने जालसाजों के निर्देशानुसार एक विशिष्ट बैंक खाते में 10.21 लाख रुपये भेज दिया। बाद में, मामले का पता चलने पर उन्होंने 19 जनवरी को बिष्णुपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शीघ्रता से जांच की और तकनीकी जानकारी के आधार पर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के सरगना की पहचान कर ली। प्रारंभिक जांच के बाद गुजरात और तेलंगाना से पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। अब उस सूचना के आधार पर पुलिस ने ओडिशा के सुबरनपुर जिले के साकमा इलाके में छापेमारी कर दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि धोखाधड़ी का पैसा सबसे पहले कुल्लू पटेल के बैंक खाते में गया। बाद में, यह धनराशि तीन अलग-अलग खातों में स्थानांतरित कर दी गई।

## शार्प बिजनेस सिस्टम्स (इंडिया) ने पेश किया पिक्सल एज इंटरएक्टिव स्मार्टबोर्ड

**नई दिल्ली/कोलकाता :** शार्प बिज़नेस सिस्टम्स (इंडिया) ने इंटरएक्टिव स्मार्ट बोर्ड लॉन्च किया। पिक्सल एज नाम का यह स्मार्ट बोर्ड पूरी तरह भारत में बना है और खासतौर पर बिज़नेस ग्राहकों के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह आधुनिक स्मार्ट बोर्ड दफ्तरों और शिक्षण संस्थानों में बातचीत और सहयोग के तरीकों में बेहतर बदलाव लाएगा। उन्नत तकनीक और उपयोगकर्ता के अनुकूल सुविधाओं के साथ, यह टीमों को नए अंदाज़ में जुड़ने, सोचने और नवाचार करने का मौका देगा। इसका अनावरण हैदराबाद में आयोजित 'शार्प कनेक्ट ज़ोन' कस्टमर रोडशो में हुआ।

## पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य विश्वविद्यालय को मिला नया कुलपति, स्वास्थ्य विभाग ने किया नाम घोषित

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य विश्वविद्यालय को नया कुलपति मिल गया है। स्वास्थ्य विभाग ने प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. मुकुल भट्टाचार्य को विश्वविद्यालय का नया कुलपति नियुक्त किया है। वह वर्तमान में एसएसकेएम अस्पताल के अस्थि शल्य विभाग में प्रमुख प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं। मंगलवार को राज्य के स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव नारायण स्वरूप निगम ने एक आधिकारिक अधिसूचना जारी कर उनकी नियुक्ति की घोषणा की।

अधिसूचना के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट ने स्वास्थ्य विश्वविद्यालय में कुलपति की नियुक्ति के लिए एक सर्च कमेटी गठित करने का निर्देश दिया था, जो पिछले साल जुलाई में दिया गया था। इस सर्च कमेटी द्वारा तैयार की गई सूची में डॉ. मुकुल भट्टाचार्य का नाम शामिल किया गया था, जिसे मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को भेजा गया। इसके बाद, पश्चिम बंगाल हेल्थ यूनिवर्सिटी एक्ट 2002 के तहत संशोधन करते हुए उन्हें तीन साल के कार्यकाल के लिए कुलपति नियुक्त किया गया है।

गौरतलब है कि स्वास्थ्य विश्वविद्यालय में कुलपति पद के लिए अधिकतम आयु सीमा 65 वर्ष निर्धारित है। डॉ. मुकुल भट्टाचार्य पिछले चार वर्षों से अधिक समय से एसएसकेएम अस्पताल में अस्थि शल्य विभाग में कार्यरत हैं। इससे पहले, वह कोलकाता मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भी सेवाएं दे चुके हैं। अब अगले तीन वर्षों तक वह पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे।

## राज्यपाल से मिले भाजपा सांसद राजू बिस्ता, चाय बागान के मसले पर की ममता सरकार की शिकायत

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर बंगाल की दार्जिलिंग सीट से भाजपा सांसद राजू बिस्ता ने बुधवार को कोलकाता में राज्यपाल डॉ. सीवी आनंदबोस से मुलाकात कर चाय बागान क्षेत्र की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। उन्होंने चाय बागान के मालिकों या निवेशकों से संबंधित एक कानूनी मुद्दे पर राज्यपाल से कार्रवाई की अपील की। बिस्ता ने मीडिया से बातचीत में कहा कि उनकी मुलाकात का उद्देश्य मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार की शिकायत करना था, क्योंकि दार्जिलिंग की समस्याओं पर राज्य सरकार कोई ध्यान नहीं देती। उन्होंने आरोप लगाया कि चाय बागान से 30 प्रतिशत जमीन लेने की बात की गई थी, जो गैरकानूनी है। इस पर, राज्यपाल ने आश्वासन दिया कि वह कानून के तहत उचित कदम उठाएंगे।



राजू बिस्ता ने तृणमूल कांग्रेस सरकार पर हिंदू विरोधी बयान देने का आरोप लगाया और कहा कि यह सरकार हिंदुओं की छुट्टियों को काटने की कोशिश करती है। उनका कहना था कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस के दूसरे नेता बार-बार हिंदू धर्म के खिलाफ बयान दे रहे हैं, जो राज्य में हिंदू समुदाय को संगठित करने में मदद कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पश्चिम बंगाल के हिंदू समुदाय का संगठित होना जरूरी है, ताकि राज्य और देश की रक्षा की जा सके।

## श्री काशी विश्वनाथ सेवा समिति का शिवरात्रि पर सेवा कार्य



**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री काशी विश्वनाथ सेवा समिति के विश्राम भवन अमीरागाछी में महाशिवरात्रि पर समिति विश्राम भवन में कांवड़ियों के लिए एवं दर्शनार्थी यात्रियों के लिए मिक्स खिचड़ी, चाय बिस्कुट एवं शीतल जल की व्यवस्था की गई। समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता के दिशा अनुसार एवं समिति के मार्गदर्शन राजकुमार वोहरा की सलाह पर प्रधान सचिव विमल दीवान ने बताया कि समिति परिवार विगत 86 वर्षों से तारकेश्वर धाम जाने वाले कांवड़ियों के लिए शिवरात्रि के उपलक्ष्य में सेवा कार्य करती आ रही है। इस वर्ष भी समिति के विश्राम भवन में कांवड़ियों के लिए पूरी सब्जी, चाय बिस्कुट, शीतल जल एवं प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था सोसाइटी बेनीफीट सर्कल के सहयोग से की गई। इस कार्य को सफल बनाने में समिति परिवार के उप सचिव पवन वसल एवं सुबास सांवलदावाला की देखरेख मे समिति के कार्यकर्ता उमाशकर जोशी, दीपक अग्रवाल, सज्जन अग्रवाल, मनोज चौधरी, जयप्रकाश गुप्ता, चेतन अग्रवाल, बनवारी गुप्ता, महेश काबरा, सुमित झुनझुरवाला, चुन्नी लाल पटेल एवं अग्रवाल इन कार्यकताओं के विशेष परिश्रम से सफल हो पाया।

## चौथे चरण की काउंसलिंग की अधिसूचना जारी, 27 फरवरी को स्कूलों की सूची होगी प्रकाशित

**कोलकाता :** स्कूल सर्विस कमीशन ने उच्च प्राथमिक शिक्षक भर्ती के चौथे चरण की काउंसलिंग की अधिसूचना जारी कर दी है। आयोग ने घोषणा की है कि काउंसलिंग 6 मार्च को आयोजित की जाएगी। 27 फरवरी को उन स्कूलों की सूची प्रकाशित की जाएगी जहां काउंसलिंग होगी।



अब तक तीन चरणों की काउंसलिंग में कुल 12,068 उम्मीदवारों को बुलाया गया था। एसएससी सूत्रों के अनुसार, चौथे चरण में 261 उम्मीदवारों को बुलाया जाएगा, जिनमें से 9,194 उम्मीदवार पहले ही सिफारिश पत्र प्राप्त कर चुके हैं। पहले चरण में 8,749 उम्मीदवारों को बुलाया गया था, दूसरे चरण में 2,595 और तीसरे चरण में 724 उम्मीदवारों को काउंसलिंग के लिए बुलाया गया था। वर्तमान में 1,898 उम्मीदवार प्रतीक्षा सूची में हैं।

पिछले साल, 11 नवंबर से 27 नवंबर तक उच्च प्राथमिक भर्ती की दूसरी चरण की काउंसलिंग आयोजित की गई थी। लगभग 8 साल के लंबे इंतजार के बाद, 3 अक्टूबर 2023 से उच्च प्राथमिक काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू हुई थी। दुर्गा पूजा से पहले एसएससी ने दो चरणों में काउंसलिंग आयोजित की थी, जिसमें 186 उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र मिला था।

स्कूल सर्विस कमीशन के अनुसार, कितने उम्मीदवार सिफारिश पत्र प्राप्त करने के बाद भी स्कूल में ज्वाइन नहीं कर रहे हैं, इसका सटीक आंकड़ा फिलहाल उपलब्ध नहीं है। हालांकि, जो पद रिक्त रह जाते हैं, उन्हें सूचीबद्ध किया जा रहा है। इन रिक्त पदों पर प्रतीक्षा सूची में शामिल उम्मीदवारों को अगले चरण की काउंसलिंग में अवसर दिया जाएगा।



**नेपाल काउंसलेट में महाशिवरात्रि पर आयोजित भगवान पशुपतिनाथ जी की पूजा ,अर्चना के अवसर पर लिए गए चित्र में कॉन्सल जनरल झक्का प्रसाद आचार्य, अंतराष्ट्रीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष दिनेश बजाज,इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन,पश्चिम बंगाल के अध्यक्ष सुशील चौधरी,डिप्टी कॉन्सल जनरल बिनोद मुखिया,श्रीमती मनीषा बजाज।**

## जरूरतमंद बच्चों के लिए अभिनव प्रयास

**कोलकाता :** वंचित समुदायों के बच्चों को अक्सर बुनियादी शैक्षिक सामग्री, मनोरंजक गतिविधियों और भावनात्मक समर्थन तक पहुँच की कमी होती है, जो उनके समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। इनमें से कई बच्चे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों से आते हैं जहाँ भोजन, किताबें, स्टेशनरी और खिलौने जैसी आवश्यक चीजें भी एक विलासिता बनी हुई हैं। ऐसे बच्चों के चेहरे पर श्री रामकृष्ण परमहंस सेवा ट्रस्ट ने खुशियां बिखेरीं। बांकुड़ा जिले के जयरामबाटी स्थित रामकृष्ण विवेकानंद मिशन में वंचित बच्चों के बीच तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था के अध्यक्ष मोहित डी भगत ने कहा कि श्री रामकृष्ण परमहंस सेवा ट्रस्ट (एसआरपीएसटी) बच्चों को समग्र रूप से सशक्त बनाने में विश्वास करता है। हमने प्रयास कि बच्चे सीख सकें, खेल सकें और बेहतर जीवन की ओर अग्रसर हो सकें। बच्चों को भोजन, किताबें, स्टेशनरी और उपहार प्रदान किए गए। 10 वर्षीय बच्ची अन्वेषा नायक, जिसे किताबें और स्टेशनरी मिली, ने अपनी खुशी साझा की। स्कूल प्रभारी स्वामी प्रवुधानंद ने कहा कि हर बच्चे को शिक्षा और बचपन की सरल खुशियों तक पहुँच का हक है। उनकी मुस्कुराहट और उत्साह को देखकर ऐसे प्रयासों को जारी रखने की हमारी प्रतिबद्धता मजबूत होती है। इस दौरान विविध कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों का मनोरंजन भी किया गया।



## पूर्व रेलवे ने तीन एक्सप्रेस ट्रेनों में स्थायी रूप से जोड़े जनरल द्वितीय श्रेणी कोच

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए लोकप्रिय मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में स्थायी रूप से जनरल द्वितीय श्रेणी के कोचों जोड़ने का निर्णय लिया है। इसके तहत, 13147/13148 सियालदह-बामनहाट-सियालदह उत्तरबंग एक्सप्रेस में 2 अतिरिक्त साधारण द्वितीय श्रेणी के कोच जोड़े जाएंगे, जो 01मार्च से सियालदह से चलेंगे और 02 मार्च से बामनहाट से चलेंगे। वहीं, 13149/13150 सियालदह-अलीपुरद्वार-सियालदह कंचन कन्या एक्सप्रेस में 1 अतिरिक्त साधारण द्वितीय श्रेणी का कोच जोड़ा जाएगा, जो 01 मार्च से सियालदह से चलेगी और 02मार्च से अलीपुरद्वार से चलेगी। 13189/13190 सियालदह-बालुरघाट-सियालदह एक्सप्रेस में 2 अतिरिक्त साधारण द्वितीय श्रेणी के कोच जोड़े जाएंगे, जो 01 मार्च से सियालदह से चलेगी और 02 मार्च से बालुरघाट से चलेंगी।

## बंधन म्यूचुअल फंड ने नया बंधन क्रिसिल-आईबीएक्स 10:90 गिल्ट+एसडीएल इंडेक्स - दिसंबर 2029 फंड किया लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंधन म्यूचुअल फंड ने अपना नया बंधन क्रिसिल-आईबीएक्स 10:90 गिल्ट + एसडीएल इंडेक्स - दिसंबर 2029 फंड लॉन्च करने की घोषणा की है। यह एक ओपन-एंडेड टारगेट मैच्योरिटी इंडेक्स फंड है, जो निवेशकों को सॉवरेन-समर्थित निवेश का मौका प्रदान करता है। इस फंड का पोर्टफोलियो 90% स्टेट डेवलपमेंट लोन्स (एसडीएल) और 10% सरकारी प्रतिभूतियों (जी-सेक) में निवेश करेगा। दिसंबर 2029 में इसकी मैच्योरिटी होगी। न्यू फंड ऑफर 25 फरवरी से खुल चुका है और 05 मार्च 2025 को बंद होगा। निवेशक इसे लाइसेंस प्राप्त म्यूचुअल फंड वितरकों, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और बंधन म्यूचुअल फंड की वेबसाइट से निवेश कर सकते हैं। बंधन एएमसी के सीईओ विशाल कपूर ने कहा, फिक्स्ड-इनकम लैंडस्केप में बदलाव के साथ, निवेशकों के लिए सही इंस्ट्रूमेंट्स का चयन करना आवश्यक हो गया है।

## पश्चिम बंगाल का प्रांतीय निरंकारी संत समागम कोलकाता में 8 एवं 9 मार्च को

**कोलकाता, समाज्ञा :** शांति, एकता और आध्यात्मिकता के प्रसार हेतु सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित का दिव्य आगमन कोलकत्ता में होने जा रहा है। कोलकाता जोन के जोनल इंचार्ज मोहन साव ने जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रादेशिक संत समागम आगामी 8 एवं 9 मार्च को संत निरंकारी सत्संग भवन, मौजा तारदह कपासाटी, दक्षिण 24 परगना में आयोजित होगा जिसमें उत्तर-पूर्वी राज्यों से काफी संख्या में श्रद्धालु भक्त सम्मिलित होकर सतगुरु माता के दिव्य दर्शन और अमोलक प्रवचनों द्वारा अपने जीवन को सफल बनाएंगे। इस संत समागम का मूल उद्देश्य 'अनेकता में एकता' का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत करके समूची मानव जाति को वैश्विक परिवार के एक सूत्र में बांधना है। जोनल इंचार्ज महात्मा ने सभी संतों को इस दिव्य संत समागम में सम्मिलित होने हेतु आग्रह किया है।

## पुलिस ने 24 घंटे के भीतर डोमजूर से अपहृत युवक को बचाया, दो गिरफ्तार

❑ **आरोपियों को सात दिनों की पुलिस हिरासत**

**कोलकाता, समाज्ञा :** पेट्रोल पंप पर बाइक में ईंधन भरवाते समय एक युवक का अपहरण कर लिया गया था। पुलिस ने जांच कर 24 घंटे के भीतर अपहृत युवक को मुक्त करा लिया। अपहरण के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के नाम मोहम्मद शहनवाज और मोहम्मद सलीम है। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, घटना मंगलवार को बनगांव थाना अंतर्गत पाटशिमुलिया पेटंगी इलाके में घटी। अपहृत युवक का नाम अली हुसैन मंडल है। परिवार के सदस्यों ने बताया कि इस दिन, अली हुसैन घर से निकला और अपनी मोटरसाइकिल में ईंधन भरवाने के लिए पेट्रोल पंप पर गया था। तभी, वहां एक चार पहिया वाहन आकर रुका। कुछ लोग बाहर निकले और उसे जबरदस्ती गाड़ी में उठाकर तेजी से गाड़ी लेकर चले गए। इसके बाद, परिवार को एक



आश्चर्यजनक फोन कॉल आया। 40,000 रुपये की फिरौती मांगी गई। परिवार के सदस्य डरे और चिंतित थे। परिवार ने पहले 35,000 रुपये ऑनलाइन भेजे। लेकिन, अपहरणकर्ता और अधिक पैसे की मांग करने लगे। अंततः परिवार के सदस्य पुलिस के पास पहुंचे। बनगांव थाने की पुलिस ने फोन की लोकेशन ट्रेस करना शुरू कर दिया। पता चला कि युवक को हावड़ा के डोमजूर में ले जाया गया है। उसी आधार पर बनगांव पुलिस की एक टीम डोमजूर गयी। वहां एक घर से युवक को बचाया गया। और दो युवकों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार लोगों को बुधवार को बनगांव अदालत में पेश किया गया। न्यायाधीश ने गिरफ्तार लोगों को सात दिन की पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया। युवक का अपहरण क्यों किया गया? फिरौती के रूप में केवल 40 हजार रुपये की ही मांग क्यों की गई? उस जानकारी का पता लगाने के प्रयास चल रहे हैं।

## मालदह डिवीजन में विकास कार्यों के कारण 02 मार्च को ट्रेनों के संचालन में बदलाव

**कोलकाता, समाज्ञा :** मालदह डिवीजन के जमालपुर-किउल सेक्शन में विभिन्न विकास कार्यों के तहत 02 मार्च को ब्लॉक की योजना बनाई गई है। इसके कारण ट्रेनों के संचालन में कुछ बदलाव किए गए हैं। इसके तहत, 02 मार्च को 73421/73422 जमालपुर-किउल-जमालपुर पैसेंजर, 63423/63424 जमालपुर-किउल-जमालपुर पैसेंजर, 53479/53480 जमालपुर-किउल-जमालपुर पैसेंजर, 73452/73451 जमालपुर-तिलरथ-जमालपुर पैसेंजर, 73462/73461 जमालपुर-मानसि-जमालपुर पैसेंजर और 73430 जमालपुर-भागलपुर पैसेंजर रद्द कर दी गई है। वहीं, भागलपुर-आनंद विहार एक्सप्रेस, 53404 गया-जमालपुर पैसेंजर, 73454 जमालपुर-तिलरथ पैसेंजर और 13241 बांका-राजेंद्र नगर एक्सप्रेस का शेड्यूल भी बदला गया है।

इसके अलावा, 1 मार्च को चलने वाली 15658 कामाख्या-दिल्ली ब्रह्मपुत्र मेल को भागलपुर-रतनपुर-मोंघेर-बरौनी से डायवर्ट किया जाएगा। 2 मार्च को चलने वाली 22311 गोड्डा-लोकमान्य तिलक (टी) एक्सप्रेस को भागलपुर-रतनपुर- मोंघेर-बरौनी-मोकामेह-पटना से डायवर्ट किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, कुछ ट्रेनों का शॉर्ट टर्मिनेशन और शॉर्ट ओरिजिनेशन भी किया गया है। जिसमें 2 मार्च को 13409/13410 मालदह टाउन-किउल-मालदह टाउन इंटरसिटी एक्सप्रेस, 13334/13333 पटना-दुमका-पटना एक्सप्रेस, 63431/63432 साहिबगंज-जमालपुर-साहिबगंज पैसेंजर शामिल है। इसके साथ ही, 1 मार्च को 13424 अजमेर-भागलपुर एक्सप्रेस को रास्ते में 30 मिनट के लिए कंट्रोल किया जाएगा।

## कोलकाता मेट्रो: स्मार्ट कार्ड ऑनलाइन रिचार्ज और यूपीआई भुगतान को बढ़ावा देने के लिए विशेष शिविर आयोजित

**कोलकाता :** डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने और यात्रियों को मेट्रो रेलवे द्वारा पेश किए गए विभिन्न डिजिटल टिकटिंग सुविधाओं से परिचित कराने के उद्देश्य से, आज ब्लू लाइन, ऑरेंज लाइन, ग्रीन लाइन-1, ग्रीन लाइन-2 और पर्पल लाइन के सभी स्टेशनों पर विशेष शिविरों का आयोजन किया गया।




इन शिविरों में 'मेट्रो राइड कोलकाता' ऐप के बारे में यात्रियों को जागरूक किया गया और उन्हें इसे गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉयड) और ऐप स्टोर (आईओएस) से डाउनलोड करने की प्रक्रिया समझाई गई। मेट्रो स्टाफ ने यात्रियों को यूपीआई भुगतान आधारित टिकटिंग प्रणाली का उपयोग करके टोकन खरीदने और एएससीआरएम (एएस-सीआरएम) मशीनों के माध्यम से स्मार्ट कार्ड रिचार्ज करने की प्रक्रिया भी बताई।

यात्रियों ने डिजिटल प्रणाली को अपनाने में गहरी रुचि दिखाई, क्योंकि इससे उनका समय बचेगा और उन्हें टिकट काउंटरों की लंबी कतारों में खड़ा नहीं होना पड़ेगा। अब वे किसी भी समय अपने घर बैठे स्मार्ट कार्ड खरीद और रिचार्ज कर सकते हैं।

इसके अलावा, ब्लू लाइन, ग्रीन लाइन-1 और ग्रीन लाइन-2 के मेट्रो स्टेशनों पर विशेष प्रचारात्मक फिल्में दिखाई जा रही हैं, जो यात्रियों को इस कम्प्यूटर-फ्रेंडली ऐप को डाउनलोड और उपयोग करने की प्रक्रिया समझा रही हैं। साथ ही, मेट्रो रेलवे के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल का भी उपयोग इस ऐप को लोकप्रिय बनाने के लिए किया जा रहा है।

गौरतलब है कि कोलकाता मेट्रो में डिजिटल लेनदेन पहले ही कुल लेनदेन का 30% पार कर चुका है और यह संख्या लगातार बढ़ रही है।

## सोसायटी बेनिफिट सर्कल का शिवरात्रि पर चश्मों का वितरण एवं चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन




**कोलकाता, समाज्ञा :** महाशिवरात्रि पर सोसायटी बेनिफिट सर्कल द्वारा हमीरागाछी स्थित संस्था के चिकित्सालय से निःशुल्क चश्मों का वितरण किया गया एवं साथ ही प्राथमिक चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन सम्पन्न हुआ। शिविर में करीब 348 जरूरतमंदों को निःशुल्क चश्में वितरित हुए। संस्था के अध्यक्ष पवन बंसल के साथ संस्था के सभापति बिमल दीवान, सुभाष सावलदावाला, महेश काबरा, सजन अगरवाल, बनवारीलाल, सुमित झुंझुनवाला, चुन्नी लाल पटेल, अनु मिश्र आदि की उपस्थिति एवं योगदान से शिविर सुचारू रूप से संपन्न हुआ। सभापति बिमल दीवान ने संस्था के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए पवन बंसल की भूरि-भूरि प्रशंसा की एवं प्रत्येक कार्य मे अपनी सहभागिता का प्रण किया। यह जानकारी संस्था के प्रधान सचिव आदित्य विक्रम तुलस्यान ने दी।

## गौड़ीय मिशन ने श्रीला प्रभुपाद के 150वें आगमन स्मरणोत्सव के भव्य समापन समारोह की घोषणा की

**कोलकाता, समाज्ञा :** गौड़ीय मिशन ने बुधवार को श्री चैतन्य महाप्रभु संग्रहालय सभागार में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया। जिसमें श्रीला प्रभुपाद के 150वें आगमन स्मरणोत्सव के समापन समारोह का विवरण प्रस्तुत किया गया। यह भव्य समापन समारोह 28 फरवरी 2025 को साइंस सिटी मुख्य सभागार, कोलकाता में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, राज्यपाल डॉ. सी.वी. आनंद बोस, पश्चिम बंगाल के पर्यटन राज्य मंत्री सुरेश गोपी उपस्थित रहेंगे।




प्रेस वार्ता में गौड़ीय मिशन के आचार्य एवं अध्यक्ष श्रीमद् भक्ति सुंदर संन्यासी गोस्वामी महाराज, सहायक सचिव श्रीपाद भक्ति भास्कर भारती महाराज और श्रीपाद भक्ति रक्षक हृषिकेश महाराज भी उपस्थित थे। उन्होंने इस स्मरणोत्सव के महत्व को रेखांकित करते हुए आधुनिक वैष्णव आंदोलन को आकार देने में श्रीला भक्ति-सिद्धांत सरस्वती गोस्वामी प्रभुपाद (1874-1936) की विरासत पर प्रकाश डाला।

गौड़ीय मिशन के संस्थापक प्रभुपाद ने 'दैव वर्णाश्रम धर्म' के माध्यम से वैष्णववाद को संस्थागत रूप दिया और भागवत धर्म को शांति, प्रेम और सद्भाव के सार्वभौमिक मार्ग के रूप में प्रचारित किया। उन्होंने भारतीय आध्यात्मिक विचारों को पश्चिम में प्रस्तुत करने, वैश्विक स्तर पर 64 मठ केंद्र स्थापित करने और विद्वानों, राजघरानों और वैश्विक बुद्धिजीवियों तक फैले अनुयायियों को इकट्ठा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## सरकारी अस्पताल के आईसीयू में नाबालिग से छेड़छाड़, सफाई कर्मी गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के एक सरकारी अस्पताल के आईसीसीयू में भर्ती एक 9वीं की छात्रा से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। छात्रा से छेड़छाड़ की जानकारी परिजनों को लगी तो उन्होंने हंगामा कर दिया। फिलहाल, सूचना पर पहुंची पुलिस ने अस्पताल के सफाई कर्मचारी को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच कर रही है। पूरा मामला दक्षिण 24 परगना का बताया है। लिखित शिकायत के आधार पर डायमंड हार्बर पुलिस स्टेशन ने अस्पताल के संविदा सफाई कर्मचारी विनोद पंडित को गिरफ्तार किया है। बताया गया है कि डायमंड हार्बर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के सीसीयू विभाग में 9वीं की छात्रा का इलाज चल रहा है। उसे पिछले शनिवार को शारीरिक बीमारी के चलते डायमंड अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शारीरिक हालत बिगड़ने पर डॉक्टरों ने उसे सीसीयू यानी क्रिटिकल केयर यूनिट में शिफ्ट कर दिया था। इसी दौरान अस्पताल के एक सफाई कर्मी द्वारा छात्रा से छेड़छाड़ की गई। नौवीं कक्षा की छात्रा ने अस्पताल के सफाई कर्मचारी विनोद पंडित पर सीसीयू के अंदर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। बाद में, छात्रा ने पूरी घटना अपने परिजनों को बताई। पीड़ित छात्रा के परिजनों ने तुरंत अस्पताल प्रशासन और डायमंड हार्बर थाने में सफाई कर्मचारी के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई। जिसके बाद पुलिस ने सफाई कर्मचारी को गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल, पुलिस सफाई कर्मचारी से पूछताछ कर रही है और पूरे मामले की जांच कर रही है।

## डानकुनी में राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क दुर्घटना में एक की मौत

**हुगली :** जिले के राष्ट्रीय राज मार्ग पर हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि अन्य एक बुरी तरह से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए श्रीरामपुर के वाल्स अस्पताल में दाखिल कराया गया है। प्राप्त जनकारी के अनुसार तपन सरदार नामक एक व्यक्ति डानकुनी के बर्दवान गामी रोड के किनारे फास्टैग जारी कर रहे थे। एक मेटाडोर चालक गाड़ी में फास्टैग जारी करवाने के लिए वहां खड़ा था। उसी समय एक मेटाडोर अनियंत्रित होकर पलट गई और उन दोनों को टक्कर मार दी। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने तपन सरदार को बचाया और गंभीर हालत में उसे श्रीरामपुर के वाल्स अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने घातक वाहन को जब्त कर लिया है, लेकिन चालक फरार है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## कुंभ से लौटते समय गलसी में तीर्थयात्रियों की बस हुई दुर्घटनाग्रस्त, 28 घायल

**पूर्व बर्दवान :** कुंभ से लौटते समय तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जानकारी के अनुसार, यह दुर्घटना बुधवार को पूर्व बर्दवान के गलसी थाना अंतर्गत बड़ोमुड़िया मोड़ पर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 19 पर हुई। बताया गया है कि इस घटना में बस चालक सहित लगभग 28 तीर्थयात्री घायल हो गए है। इस दिन, तीर्थयात्री मिनी बस से बशीरहाट लौट रहे थे। रास्ते में अचानक बस का अगला टायर फट गया। परिणामस्वरूप, बस चालक ने नियंत्रण खो दिया। बस सड़क के किनारे स्थित गार्ड वाल से टकराकर पलट गई। दुर्घटना की खबर मिलते ही गलसी थाने की पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। स्थानीय निवासियों की मदद से पुलिस ने घायलों को बर्दवान मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल पहुंचाया। दुर्घटना के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा।

### शिक्षक भर्ती घोटाला : सीबीआई की चार्जशीट में दावा...

# ‘अभिषेक बनर्जी ने मांगे 15 करोड़ रुपये’

**❑ सीबीआई के हाथ लगी ऑडियो क्लिप, ऑडियो में पार्थ और मानिक का नाम भी**

**कोलकाता, समाज्ञा :** सीबीआई ने दावा किया है कि साल 2017 में शिक्षकों की अवैध नियुक्तियों के लिए किसी अभिषेक बनर्जी ने घोटाले के एक प्रमुख आरोपित सुजयकृष्ण भद्र से 15 करोड़ रुपये की मांग की थी। सीबीआई ने यह दावा प्राथमिक शिक्षक भर्ती घोटाले में सुजयकृष्ण के खिलाफ दायर आरोपपत्र में एक ऑडियो क्लिप के आधार पर किया है। हालांकि, इस अभिषेक बनर्जी की पहचान और पूरा परिचय नहीं दिया गया है। सुजयकृष्ण का परिचय लिप्स एंड बाउंड्स (अभिषेक बनर्जी की कंपनी) के पूर्व मुख्य परिचालन अधिकारी के रूप में दिया गया है। बता दें कि सीबीआई ने गत 21 फरवरी को प्राथमिक शिक्षक भर्ती घोटाले में 28 पन्नों का आरोपपत्र दायर किया है। सीबीआई के हाथ लगी ऑडियो क्लिप में सुजयकृष्ण भद्र की पूर्व तृणमूल नेता कुंतल घोष और शांतनु बनर्जी के साथ बातचीत शामिल है। क्लिप में पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी और तृणमूल विधायक और प्राथमिक शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष मानिक भट्टाचार्य के नाम का भी जिक्र है। ऑडियो में सुजयकृष्ण को यह कहते सुना जा सकता है कि अभिषेक बनर्जी ने अवैध नियुक्तियों के लिए 15 करोड़ मांगे हैं। ऑडियो में सुजयकृष्ण ने कहा कि वह पैसा देने में असमर्थ हैं, क्योंकि प्रत्येक अभ्यर्थी से 6.5 लाख रुपये पहले ही लिए जा चुके हैं। सुजयकृष्ण के अनुसार, इसके बाद अभिषेक ने अभ्यर्थियों की भर्ती रोकने को कहा। ऐसा नहीं करने पर उन अभ्यर्थियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा या फिर कहीं दूर नियुक्त कर दिया जाएगा। सीबीआइ ने ऑडियो क्लिप को सत्यापित करने के लिए सेंट्रल फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (सीएफएसएल) भेज दिया है। इसके अलावा, सुजयकृष्ण, कुंतल और शांतनु की आवाज के नमूने भी दिल्ली भेजे गए हैं ताकि इनकी तुलना की जा सके। सीबीआई सूत्रों के अनुसार, कुछ गवाहों ने इस ऑडियो की सत्यता को स्वीकार किया है। सुजयकृष्ण, कुंतल और शांतनु ने 2000 और अभ्यर्थियों से 100 करोड़ रुपये वसूलने की योजना बनाई थी। इसमें से पार्थ, मानिक और अभिषेक को 20-20 करोड़ रुपये देने की बात थी, जबकि शेष 40 करोड़ रुपये आपस में बांटे जाने थे। सीबीआई ने यह भी कहा है कि अवैध नियुक्तियों को लेकर पार्थ का अभिषेक के साथ मनमुटाव चल रहा था।

**❑ सीबीआई की चार्जशीट पर तृणमूल का पलटवार, ‘छवि खराब करने की साजिश’ का आरोप**

तृणमूल कांग्रेस ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) पर सांसद अभिषेक बनर्जी की छवि खराब करने का आरोप लगाया है। पार्टी का कहना है कि शिक्षक नियुक्ति घोटाले की चार्जशीट में सीबीआई ने बिना किसी ठोस प्रमाण के अभिषेक बनर्जी का नाम जोड़ने की कोशिश की है। अभिषेक के वकील संजय बसु ने इसे राजनीति से प्रेरित कदम बताया है और कहा है कि यह उन्हें बदनाम करने की सोची-समझी साजिश है। अभिषेक बनर्जी के वकील संजय बसु ने बयान जारी कर कहा कि सीबीआई का यह कदम एक सोची-समझी साजिश का हिस्सा है। जांच एजेंसियों को जबरदस्ती अभिषेक बनर्जी के खिलाफ सबूत जुटाने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि अभिषेक ने हर जांच में सहयोग किया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और सीबीआई जब भी उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया, उन्होंने उपस्थिति दर्ज कराई और सभी जरूरी दस्तावेज भी दिए। बावजूद इसके, सीबीआई ने तीसरी बार चार्जशीट में उनका नाम जोड़ने की कोशिश की, जो उन्हें परेशान करने की कोशिश के अलावा कुछ नहीं है। अभिषेक के वकील ने कहा कि अब तक ईडी ने उनके खिलाफ कोई चार्जशीट दाखिल नहीं की है, न ही कोई सबूत मिले हैं। इसके बावजूद, सीबीआई इस तरह की बयानबाजी कर रही है। उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि ईडी को इस्तेमाल करने में असफल रहने के बाद अब सीबीआई को मोहरा बनाया गया है। राजनीतिक फायदे के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग हो रहा है। अभिषेक बनर्जी की ओर से जारी बयान में कहा गया कि वह सत्य और न्याय के रास्ते पर चलते रहेंगे। वह किसी भी झूठे आरोप से डरने वाले नहीं हैं। तृणमूल कांग्रेस ने साफ कर दिया है कि वह सीबीआई की इस कार्रवाई के खिलाफ कड़ा रुख अपनाएगी।

## ‘मानिक भट्टाचार्य व उसका पूरा खानदान चोर’, पार्टी विधायक पर तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा का हमला



**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा ने पलाशीपाड़ा के विधायक मानिक भट्टाचार्य पर जबरदस्त हमला बोला है। उन्होंने नाम लिए बिना उन्हें ‘चोर’ और ‘डकैत’ करार दिया। महुआ ने कहा कि वह आमतौर पर इस तरह की भाषा का इस्तेमाल नहीं करतीं, लेकिन अब मजबूर होकर कहना पड़ रहा है क्योंकि कुछ लोगों ने पार्टी को बदनाम कर दिया और सरकार को गिराने की नौबत ला दी थी। महुआ गत मंगलवार को पलाशीपाड़ा के बर्निया क्षेत्र में एक पार्टी बैठक को संबोधित कर रही थीं। वहीं से उन्होंने मानिक पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि जिसकी वजह से पार्टी बदनाम हुई, जिसकी वजह से सरकार लगभग गिर गई, जिस पर अब तक केस चल रहा है, एफआईआर हुई है, चार्जशीट हो चुकी है, वो अब चुनाव से पहले इलाके में घुसेगा, मीटिंग करेगा! क्या हमें यह सब सहना पड़ेगा? क्या हम मर गए हैं? महुआ ने आगे कहा कि ये लोग सिर्फ छोटे-मोटे चोर नहीं हैं, ये डकैत हैं। इनकी बीवी चोर, बेटा चोर, पूरा खानदान चोर!उन्होंने कार्यकर्ताओं से पूछा कि क्या मैं यहां बर्निया में मंच पर खड़े होकर झूठ बोल रही हूं? यह सच्चाई है। मैं इस पार्टी की सिपाही हूं, ममता बनर्जी की सिपाही हूं। इन दो-तीन चोर-डकैतों की वजह से हमें बदनाम होना पड़ रहा है। दूसरी तरफ, महुआ के इस हमले पर मानिक भट्टाचार्य ने कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। तृणमूल के जिला संगठन अध्यक्ष और चापड़ा के विधायक रुक्बानुर रहमान ने कहा कि जिसने कहा है, वही इसकी व्याख्या करेगा।

### भाजपा ने कसी कमर, 2026 में ममता बनर्जी को सत्ता से हटाने की तैंयारी तेज

## मार्च के दूसरे हफ्ते तक हो सकता है प्रदेश अध्यक्ष का ऐलान

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में 2026 के विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने अपनी रणनीति पर जोर देना शुरू कर दिया है। पार्टी ने 2021 की हार से सबक लेते हुए इस बार बड़े पैमाने पर तैयारी की है। भाजपा का लक्ष्य मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को सत्ता से बेदखल करना है, और इसके लिए संगठन को मजबूत करने से लेकर मतदाताओं तक प्रभावी तरीके से पहुंचने की योजना बनाई गई है। भाजपा के एक वरिष्ठ केंद्रीय नेता ने बताया कि पार्टी ने इस बार संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया है। 2021 के चुनाव में कई दूसरी पार्टियों से आए नेताओं को भाजपा में जगह दी गई थी, लेकिन चुनाव के बाद वे वापस लौट गए। इस बार, पार्टी बेहद सोच-समझकर कदम रख रही है और केवल समर्पित कार्यकर्ताओं पर भरोसा किया जाएगा। उक्त नेता ने बताया कि भाजपा में संगठनात्मक चुनावों की प्रक्रिया धीरे-धीरे पूरी की जा रही है। मंडल अध्यक्षों की घोषणा पहले ही हो चुकी है, जबकि सांगठनिक जिला अध्यक्षों के नाम भी लगभग तय हो चुके हैं। मार्च महीने के पहले हफ्ते तक जिला अध्यक्षों की घोषणा कर दी जाएगी और इसके बाद एक हफ्ते के भीतर प्रदेश अध्यक्ष के नाम का ऐलान होगा। प्रदेश अध्यक्ष के नाम की घोषणा होते ही भाजपा पूरे राज्य में चुनावी अभियान में पूरी ताकत झोंक देगी।

**50 लाख नए सदस्य, जनसंपर्क और आक्रामक आंदोलन की तैयारी**

पार्टी के नेता के मुताबिक, भाजपा ने इस बार 50 लाख नए सदस्य बनाए हैं, जो लगभग 50 लाख परिवारों तक पहुंचने का संकेत है। पार्टी का मानना है कि यदि वह इन सदस्यों का समर्थन बनाए रखती है और कुल मतों का एक-तिहाई हासिल कर लेती है, तो सत्ता पर कब्जा जमाने में सफल हो सकती है। इसके लिए भाजपा बड़े पैमाने पर जनसंपर्क अभियान चलाने की योजना बना रही है। पार्टी के वरिष्ठ नेता ने बताया कि जल्द ही सड़क पर उतरकर तृणमूल कांग्रेस सरकार के खिलाफ आक्रामक आंदोलन शुरू किया जाएगा। भाजपा का इरादा ममता सरकार की नीतियों को कटघरे में खड़ा करने और जनता को अपने पक्ष में करने का है। अब देखना होगा कि 2026 के चुनावी समर में भाजपा की यह रणनीति कितनी कारगर साबित होती है।

## कोलकाता नगर निगम छुट्टी को लेकर विवाद, रद्द किया नोटिस

## विश्वकर्मा पूजा की छुट्टी रद्द कर ईद पर दो दिन की छुट्टी देने पर अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी




**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता नगर निगम (केएमसी) के अधिकारियों ने बुधवार को अपने शिक्षा विभाग के एक अधिकारी को हिंदी माध्यम स्कूलों में विश्वकर्मा पूजा की छुट्टी रद्द करने और इस वर्ष ईद-उल-फितर की छुट्टी एक दिन से बढ़ाकर दो दिन करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया। केएमसी के नगर आयुक्त द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस के बाद निगम के शिक्षा विभाग के मुख्य प्रबंधक ने एक भूल-सुधार पत्र जारी कर छुट्टियों से जुड़े पुराने आदेश को रद्द कर दिया। पत्र में कहा गया कि है आदेश में ‘अनजाने में मुद्रण संबंधी गलतियां’ हुई थीं। पच्चीस फरवरी की तारीख वाले इस नोटिस पर केएमसी के शिक्षा विभाग के मुख्य प्रबंधक के हस्ताक्षर हैं। मीडिया को जारी बयान में नगर निगम आयुक्त ने कहा कि हिंदी माध्यम केएमसीपी स्कूलों के लिए अवकाश सूची के बारे में आदेश केएमसी के सक्षम प्राधिकारी से कोई सहमति प्राप्त किए बिना जारी किया गया था। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए बयान में कहा गया है कि इस चूक के लिए जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। बयान में कहा गया कि चूंकि, यह आदेश निगम के सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बिना जारी किया गया था, इसलिए इसे रद्द किया जाता है। इसमें कहा गया है कि राज्य सरकार की छुट्टियों की सूची को मौजूदा मानदंडों के अनुसार बनाए रखते हुए एक संशोधित आदेश जारी किया जाएगा।



**ताराचंद दत्त स्ट्रीट स्थित महाशिव शक्ति मंदिर में त्रिवेणी सिंह द्वारा 51वें वर्ष शिवरात्रि पूजन आयोजित किया गया। इस मौके पर, विधायक विवेक गुप्त, पूर्व विधायक संजय बक्शी, पूर्व विधायक स्मिता बक्शी, राकेश सिंह, विक्रांत सिंह समेत अन्य गण्यमान्य उपस्थित रहे**

## पूर्व रेलवे की आरपीएफ ने ’ऑपरेशन महिला सुरक्षा’ के तहत 63 यात्रियों को किया गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे की आरपीएफ ने महिला यात्रियों की सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए 25 फरवरी को ’ऑपरेशन महिला सुरक्षा’ के तहत एक विशेष अभियान चलाया। इस दौरान, महिलाओं के लिए आरक्षित डिब्बों में अवैध रूप से यात्रा कर रहे 63 पुरुष यात्रियों को गिरफ्तार किया गया। जिसमें से हावड़ा डिवीजन से 12, सियालदह डिवीजन से 20, मालदह डिवीजन से 13 और आसनसोल डिवीजन से 18 गिरफ्तारियां हुईं। यह अभियान रेलवे एक्ट के तहत किया गया, ताकि महिलाओं के डिब्बों में अवैध प्रवेश करने वाले पुरुष यात्रियों पर जुर्माना लगाया जा सके। पूर्व रेलवे महिला यात्रियों के लिए सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और ऐसे आकस्मिक निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे, ताकि रेलवे नियमों का पालन सुनिश्चित किया जा सके।

## वार्ड 29 के युवाओं ने महाशिवरात्रि पर प्रसाद वितरण किया



**हावड़ा, समाज्ञा :** महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर हावड़ा के वार्ड 29 के युवाओं ने हावड़ा के प्रमुख रामकृष्णपुर आरती घाट, पंचमुखी हनुमान मंदिर एवं तेलकल घाट पर लोगों के बीच प्रसाद वितरण किया। प्रसाद के रूप में पूड़ी, सब्जी एवं खीर का प्रबंध किया गया था। इस दौरान लगभग 500 लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से राजीव कुमार दास, रोहित सिंह, अनिल वर्मा, विशाल सिंह, पिंटू, आदित्य, अभिषेक, धर्मेन्द्र सहित अन्य युवाओं ने अपनी अहम भूमिका निभाई।

## महाकुंभ 2025 के दौरान आसनसोल मंडल ने भीड़ प्रबंधन के लिए विशेष कदम उठाए




**आसनसोल :** पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल ने महाकुंभ 2025 के दौरान यात्रियों की सुरक्षित और सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए कई महत्वपूर्ण भीड़ प्रबंधन उपायों को लागू किया है। यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए मंडल ने महाकुंभ स्पेशल ट्रेनों और प्रयागराज सहित आसपास के स्टेशनों पर रुकने वाली ट्रेनों के लिए विशेष पहल की है। आसनसोल स्टेशन से कुल 03 जोड़ी महाकुंभ स्पेशल ट्रेनें चलीं और 13 जोड़ी महाकुंभ स्पेशल ट्रेनें आसनसोल स्टेशन और मंडल के अन्य स्टेशनों से गुजरने वाली थीं। यात्रियों के समायोजन और प्लेटफॉर्म पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आसनसोल स्टेशन के सामने एक बड़ा कवर्ड टेंट लगाया गया। इसके अलावा, अनारक्षित और आरक्षित यात्रियों के लिए अलग-अलग प्रवेश द्वार की व्यवस्था की गई और ट्रेन के प्रस्थान से 90-120 मिनट पहले रेक तैनात की गई। भीड़ प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए 50 वाणिज्यिक कर्मचारियों की नियुक्ति की गई, जिन्हें वाणिज्यिक अधिकारियों की मदद से व्यवस्थाओं की निगरानी करने का कार्य सौंपा गया। यात्रियों को बेहतर जानकारी देने के लिए छह मेगाफोन और मुद्रित पोस्टर का उपयोग किया गया। प्लेटफॉर्म पर सफाई व्यवस्था और टिकट वितरण के लिए अतिरिक्त काउंटर भी लगाए गए।

इसके अलावा, यात्रियों की मदद के लिए भारत स्काउट और गाइड के सदस्य तैनात थे और प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था भी की गई। आसनसोल मंडल ने महाकुंभ 2025 के दौरान यात्रियों को सुरक्षित, आरामदायक और निर्बाध यात्रा का अनुभव प्रदान करने के लिए ये पहल की हैं।

## भांगड़ में नहर से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** भांगड़ थाना अंतर्गत बामुनिया इलाके में बसंती हाईवे के पास एक खाई से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया। पता चला है कि बुधवार की सुबह स्थानीय निवासियों ने ही सबसे पहले नहर में एक अज्ञात व्यक्ति का शव तैरता हुआ देखा। इसके बाद, उन्होंने पुलिस को सूचित किया। खबर पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, बामुनिया क्षेत्र में लकड़ी के पुल का निर्माण कार्य चल रहा था। इस दिन, सुबह में वहां काम कर रहे मजदूरों ने सबसे पहले नहर में तैरता शव देखा और तुरंत स्थानीय लोगों को इसकी सूचना दी। स्थानीय निवासियों का माननाहै कि शव उत्तर 24 परगना की ओर से बहता हुआ आया और बामुनिया में लकड़ी के पुल के पास फंस गया। हालांकि, इसका सटीक कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इसके अलावा, व्यक्ति की पहचान के लिए जांच शुरू कर दी गई है।

## खड़गपुर में सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत

**खड़गपुर, समाज्ञा :** सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई। यह घटना खड़गपुर स्थानीय थाना अंतर्गत कृष्णानगर में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 16 पर घटी। मृतकों की पहचान सुरजीत डाकुआ (21) और बिभास पलुई (24) के रूप में की गई हैं। दोनों खड़गपुर स्थानीय थाना अंतर्गत बड़बेड़िया गांव के निवासी थे। मिली जानकारी के अनुसार, बुधवार के तड़के दोनों युवक बाइक से घर लौट रहे थे, उसी समय यह दुर्घटना हुई। राष्ट्रीय राजमार्ग पर दो युवकों की मोटरसाइकिल पर से नियंत्रण खो गया और मोटरसाइकिल पलट गई। दो युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज व अस्पताल भेज दिया है।

## महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य पर भव्य श्रृंगार किया गया



**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री काशीनाथ महादेव मंदिर (बड़तल्ला स्ट्रीट) में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर दर्शन करने के लिए पार्षद व प्रदेश कांग्रेस के कोषाध्यक्ष संतोष कुमार पाठक, भोला यादव उपस्थित हुए। मंदिर कमेटी की ओर से तारकनाथ गुप्ता और पंकज सोनकर ने स्वागत किया गया। इस मौके पर मनोज चांदगोठिया, अनिल लखोटिया, निशांत सरावगी, कमल गुप्ता, राहुल महतो, मुकेश सोनकर, आकाश माली व अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

## ‘सब ओसी-आईसी खुद को निर्दोष बताते हैं’

### हाईकोर्ट में फिर राज्य पुलिस को करना पड़ा फटकार का सामना



**कोलकाता :** सीबीआई जांच को चुनौती देकर केस दाखिल करने के बाद भी राज्य सरकार को हार माननी पड़ी। इस मामले में अब राज्य पुलिस को हाईकोर्ट की फटकार झेलनी पड़ी। कोलकाता हाईकोर्ट के जज तीर्थंकर घोष ने नदिया जिले के एक मामले में पुलिस की भूमिका पर गंभीर सवाल उठाए और संबंधित ओसी (थाना प्रभारी) को कड़ी फटकार लगाई।

नदिया जिले के एक जेल में पुलिस हिरासत के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई। इसके बाद उसी मृतक के परिवार को एक अन्य हत्या के मामले में फंसा दिया गया। इस पर पुलिस के खिलाफ झूठा फंसाने के आरोप लगे। मामले की सुनवाई करते हुए कोलकाता हाईकोर्ट ने सीबीआई जांच के निर्देश दिए।

बुधवार को सुनवाई के दौरान जज ने कहा कि दोनों घटनाओं का आपस में संबंध है। उन्होंने पहले के सिंगल बेंच के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि उसमें भी इन घटनाओं के आपसी संबंध की ओर इशारा किया गया था।

ओसी को फटकारते हुए जज ने कहा, हर ओसी और आईसी खुद को निर्दोष बताते हैं। सीबीआई पर ज्यादा भरोसा नहीं है, लेकिन इन दोनों मामलों में स्पष्ट संबंध नजर आता है।

जब संबंधित थाना प्रभारी (ओसी) के वकील ने दावा किया कि घटना के समय वह मौके पर मौजूद नहीं थे, तो जज ने कड़ी नाराजगी जताई।

हाईकोर्ट ने पुलिस की केस डायरी में कई खामियां पाईं। जज ने कहा, हमने केस डायरी देखी है और उसमें कई गड़बड़ियां हैं। कई जरूरी कागजात गायब हैं। इसके बावजूद हम राज्य सरकार को एक मौका दे रहे हैं। अगर सरकार संतोषजनक जवाब दे पाई, तो हम सीबीआई जांच रोक सकते हैं।

अब इस मामले की अगली सुनवाई 5 मार्च को शाम 4 बजे होगी।

गौरतलब है कि गत 26 अगस्त 2023 को नदिया जिले के मुरुटिया थाना क्षेत्र में पुलिस हिरासत में शौकत मंडल नामक व्यक्ति की मौत हुई थी। उसी रात, उसके घर से करीब 20 किमी दूर एक हत्या हुई। इस हत्या के मामले में मुरुटिया पुलिस ने शौकत के पूरे परिवार को आरोपी बना दिया। इसके खिलाफ हाईकोर्ट में मामला दायर किया गया, जिसके बाद कोर्ट ने सीबीआई जांच के आदेश दिए।

राज्य सरकार ने इस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी, लेकिन शीर्ष अदालत ने अपील खारिज कर हाईकोर्ट के सीबीआई जांच के फैसले को बरकरार रखा।

## सोदपुर में होटल में युवक की रहस्यमय मौत के मामले में प्रेमिका गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा**

सोदपुर के घोला स्थित एक होटल में युवक की रहस्यमय मौत के मामले में उसकी प्रेमिका को गिरफ्तार किया गया है। जांचकर्ताओं ने उसे मंगलवार को हिरासत में लिया और लंबी पूछताछ के बाद घोला थाना पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार लड़की का नाम तितली दे है। बता दें कि गत मंगलवार को सोदपुर के मुरागाछा इलाके में एक होटल के कमरे से बबलू मंडल नामक युवक का शव बरामद किया गया था। पुलिस की प्रारंभिक धारणा थी कि युवक की मौत जहर खाने से हुई है।

पता चला था कि युवक पिछली रात एक युवती के साथ होटल में गया था। हालांकि, कुछ समय बाद युवती होटल से चली गई। और उसे वहां लौटते हुए नहीं देखा गया। यह रहस्यमय लड़की कौन थी? जांचकर्ताओं ने अपनी खोज शुरू की। वहां होटल के सीसीटीवी व अन्य सामान की जांच की गई। मृत युवक के मोबाइल फोन की भी जांच की गई। सुरागों के आधार पर पुलिस ने रहस्यमय लड़की को ढूंढ निकाला। मृत बबलू मंडल की प्रेमिका तितली दे को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की गई। बताया गया है कि दोनों लंबे समय से रिलेशनशिप में थे। हाल ही में, यह संबंध ख़राब हो गया था। तितली उस रिश्ते से बाहर निकलना चाहती थी। पुलिस को कई सवालों के जवाबों में असंगतताएं मिलीं। छह घंटे की पूछताछ के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

# बचिए मधुमेह की विभीषिका से

**आनंद कुमार अनंत**

एशियाई देशों में मधुमेह (डायबिटिज) रोग इतनी तेजी से बढ़ रहा है कि यह देश भले ही गरीबी जैसी विकट समस्या से निपट भी ले किंतु मधुमेह से निपटना बहुत कठिन होगा। आधुनिक चिकित्सा पद्धति में भले ही इसका कोई सटीक उपचार न हो परन्तु वैकल्पिक चिकित्सा, विशेष रूप से आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा तथा योग के द्वारा सहज ही इस पर नियंत्राण किया जा सकता है।

मधुमेह क्या है:- हमारे शरीर में शर्करा नामक तत्व होता है। जब यह तत्व रोगी के रक्त और मूत्रा में निश्चित से अधिक मात्रा में बढ़ जाता है तो मधुमेह रोग हो जाता है। यह स्थिति एक महत्त्वपूर्ण हार्मोन, जिसको इंसुलिन कहा जाता है, की कमी के कारण उत्पन्न होती है। इंसुलिन का निर्माण अग्नाशय नामक ग्रंथि से होता है। शुगर नामक यह तत्व इंसुलिन की मदद से ही शक्ति का निर्माण करता है। इंसुलिन की मात्रा कम या न होने की स्थिति में शुगर का इस्तेमाल नहीं हो पाता और वह रक्त में जमा होने लगता है। रक्त में सामान्य तौर पर शुगर की मात्रा 80 मिलीग्राम डेकालीटर और 120 मिली ग्राम प्रति डेकालीटर के बीच होती है।

मधुमेह के लक्षण:- मधुमेह से ग्रसित रोगियों में बहुत अधिक प्यास लगना, बार-बार पेशाब आना, बहुत अधिक भूख लगना, तालु, जीभ, और दांतों में अधिक मैल जमना, दांत दर्द, मुंह से दुर्गन्ध आना, हाथ-पैर के तलवों में दाह, थकावट, वजन तेजी से घटना, अधिक नींद आना, आदि लक्षण विशेष रूप से देखे जाते हैं।

**मधुमेह के कारण:-** मधुमेह एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक बहुत आसानी से पहुंच जाता है, इसलिए यह जरूरी है कि जिनके परिवार में कुछ सदस्य मधुमेह से ग्रसित हैं, उन्हें समय-समय पर जांच करवा लेनी चाहिए। इसके अतिरिक्त मैथुन से शुक्र के निरंतर स्राव से शुक्र प्रमेह तथा शुक्र प्रमेह के पुराने होने पर शर्करा की वृद्धि होना, अतिरिक्त परिश्रम न करना, मदाग्नि, यकृत दौर्बल्य, भय, चिंता, लंबे समय तक कब्ज और खानपान में अनियमितताएं, उष्ण वसायुक्त भोजन की अधिकता, अधिक भोजन, अधिक मात्रा में मिठाई, शक्कर का सेवन, मोटापा, वायरल संक्रमण, अग्नाशय में सूजन आना व अनेक प्रकार के औषधियों का प्रयोग भी मधुमेह के कारणों में से होते हैं।

मधुमेह के उपद्रव:- मधुमेह के होते ही रोगी की मुखाकृति मुरझाने लग जाती है और थकी-सी प्रतीत होती है। कान में सनसनाहट की आवाजें आने लगती हैं। आंखों की ज्योति निरंतर कम होने लगती है। स्वाद एवं गंध करने वाली इंद्रियां (ज्ञानेंद्रियां) कमजोर हो जाती हैं। बल का ह्रास होता है, रोगी अत्यन्त क्षीण हो जाता है, साथ ही मैथुन की शक्ति अति क्षीण हो जाती है।

पिंडलियों में दर्द व ऐंठन का शुरू होना, शरीर में जहां-तहां घाव-फुंसी होने लगती है, अतिसार, शीत-पित्त, खुजली, वृक्क शोथ हो जाती है। रक्तचाप में वृद्धि, पक्षाघात, स्नायु और किडनी का क्षतिग्रस्त होना, नपुंसकता, मोतियाबिंद, अन्य नेत्रा विकार आदि हो जाते हैं। पेशाब का वेग अनियंत्रित हो जाता है अर्थात कपड़ों तक में पेशाब होने लगता है।

**मधुमेह नियंत्राण कैसे करें:-** मधुमेह के नियंत्राण के लिए मुख्य तौर पर पांच आयामों पर गौर करना चाहिए। इसके लिए खाने-पीने का परहेज, औषधियों का सेवन, व्यायाम आदि को नियमित करना चाहिए। स्वास्थ्यवर्धक भोजन, प्रातः काल का टहलना, नियमित व्यायाम शूगर का स्तर कम करने में मदद करते हैं और शरीर का वजन भी सामान्य रहता है।



**मधुमेह के दुष्प्रभाव:-**

- मधुमेह के रोगियों को उच्च रक्तचाप आम आदमी की तुलना में दोगुना हो जाता है।
- मधुमेह के रोगियों को आम जनों की तुलना में हृदय का दौरा पड़ने की संभावना 2-3 गुणा अधिक होती है।
- मधुमेह के रोगियों में गुर्दे से संबंधित कुप्रभाव होने लगते हैं, फलस्वरूप गुर्दे के नष्ट होने का भय बना रहता है।
- मधुमेह के रोगियों में पक्षाघात होने का खतरा बना रहता है।
- नेत्रों से संबंधित रोगों में अंधता, मोतियाबिंद आदि का खतरा बना रहता है।
- मधुमेह के रोगियों को दुष्प्रभाव के कारण बदन में दर्द, झनझनाहट, सुइयां चुभने व सुन्नता का आभास होने लगता है।
- आम लोगों की तुलना में मधुमेहियों को एम्प्यूटेशन का खतरा 15 गुना अधिक होता है।
- मधुमेह के रोगियों में सेक्स की अधिकता बढ़ जाती है परन्तु सक्रिय सेक्स नहीं हो पाता।

**घरेलू उपचार:-** मधुमेह एक खतरनाक रोग अवश्य है परन्तु उत्तम नियंत्राण से असाध्य नहीं है। योग एवं उपचार के साथ-साथ खान-पान पर नियंत्राण करके इसके दुष्प्रभावों से बचा जा सकता है। उपचार से पूर्व रक्त की जांच कराकर इसका निदान आवश्यक होता है।

- वज्रासन, पवनमुक्तासन, सर्वांगासन, हलासन, मत्स्यासन, आदि योग की क्रियाएं मधुमेह को नियंत्रित रखती हैं।
- जामुन की गुठली और करेले का चूर्ण 5-5 ग्राम दोनों वक्त भोजन के बाद पानी के साथ फांक लें तथा दिन में 15-20 बेलपत्रा चबा-चबा कर पान की तरह खा लेने से मधुमेह नियंत्रित होता है।
- मधुमेह के रोगियों को गेहूं के आटे के बजाय जौ एवं चना के आटे की मिश्रित रोटी के साथ हरी शाक-सब्जियां खाना हितकर होता है। (स्वा.द.)

# फिट रहने के लिए नियमित प्रयास जरूरी है

**सुदर्शन चौधरी**

कौन नहीं चाहेगा कि वो शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रहे। फिट रहना इतना भी मुश्किल नहीं कि इंसान कोशिश ही न करे। थोड़ी सी कोशिश कर के आप स्वयं को शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रख सकते हैं।

- फिट रहने के लिए नींद का बहुत महत्त्व है। नींद रात को पूरी नहीं होती तो थोड़ा दिन में सोएं। नींद पूरी होने से चेहरे पर तनाव और थकान दिखाई नहीं देते। चेहरा एकदम खिला खिला लगता है।
- फिट रहने का एक और फंडा है तनाव मुक्त रहना। तनावों को अपने पर हावी न होने दें। छोटी छोटी बातों से पल्ला झाड़ लें। अगर तनावमुक्त हैं और तन और मन प्रसन्न हैं तो आप फिट हैं।
- पानी अधिक से अधिक पिएं ताकि शरीर से विषैले तत्व बाहर निकलते रहें और शरीर स्वस्थ रहें। 8 से 10 गिलास पानी कम से कम पिएं। पानी का अर्थ सिर्फ पानी ही है ।
- फिट रहने की गारंटी है अगर आप नियमित व्यायाम जिम, जॉगिंग और योग करते रहें। अपनी दिनचर्या में जो भी आपको सूट करे, उसे अवश्य करें।
- स्वस्थ और फिट रहने के लिए तेज धूप से अपना बचाव करें। अगर आपको धूप में अवश्य निकलना ही पडे. तो छाता और चश्मा साथ ले जाना न भूलें।
- अगर रहना है फिट तो पौष्टिक सादा आहार ही ग्रहण करें। तेज मसालेदार और तैलीय भोजन से परहेज रखें, विशेषकर जंक और फास्ट फूड से। घर का बना साफ सुथरा सादा और ताजा भोजन खाएं।
- अपने भोजन में नियमित रूप से सलाद, फल और ड्राई फ्रूट्स को शामिल करें ताकि त्वचा मुलायम और खिलखिलाती रह सके।
- फिट दिखने में परिधान भी सहायक होते हैं। अपनी फिगर को ध्यान में रखकर परिधानों का चयन करें।
- सुंदर दिखने के लिए चेहरा फेस वॉश या कच्चे दूध से धोयें। साबुन का प्रयोग चेहरा धोने के लिए न करें।
- अपनी त्वचा को निरोगी रखने के लिए बाजारी ब्यूटी प्रोडक्ट्स के प्रयोग से बचें। अगर प्रयोग करने हैं तो घरेलू हर्बल ब्यूटी प्रोडक्ट्स लगाएं। अपना मेकअप का सामान किसी से शेयर न करें नहीं तो इंफेक्शन हो सकता है।
- ब्यूटी प्रोडक्ट्स वही प्रयोग करें जो आपकी त्वचा और रंगत से मेल खाते हों।

आसान है न फिट रहना। (स्वा.द.)



# बहुत से स्वास्थ्य लाभ देते हैं फल

**सोनी मल्होत्रा**

नवीनतम शोधों से हमें कई फलों व सब्जियों के ऐसे विशेष गुणों की जानकारी हुई है जो पहले नहीं थी। फलों व सब्जियों में ऐसे एंटीआक्सीडेंट व विशेष तत्व छुपे हुए हैं जो हमें बहुत से स्वास्थ्य लाभ देते हैं। कई रोगों के इलाज में इनका प्रयोग किया जा रहा है। फलों व सब्जियों का सेवन कई रोगों से हमें सुरक्षा देता है। आइए जानें ऐसे कुछ विशेष फलों व सब्जियों के गुणों को:-

**पपीता:-** पपीता मनुष्य के स्वास्थ्य के लिए टॉनिक का कार्य करता है। शायद यही कारण है कि इसकी गिनती श्रेष्ठ फलों में की जाती है। पपीते में पेपेन, विटामिन ए, व विटामिन सी प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। पपीता पेट के रोगों, आंखों के रोगों, जिगर, कब्ज आदि को दूर करता है व उदर शुद्धि के लिए लाभप्रद है।

गर्भवती व दूध पिलाने वाली महिलाओं के लिए इसका सेवन बहुत लाभकारी है। पपीते का प्रयोग उसके कच्चे व पके दोनों रूपों में किया जाता है। पपीता स्वास्थ्यवर्धक तो है ही, साथ ही सौन्दर्यवर्धक भी है। इसके टुकड़ों या गूदे को चेहरे पर लगाने से झुर्रियां व झाइयों से छुटकारा मिलता है। बवासीर रोग में भी इसका सेवन लाभप्रद है।

**सेब:-** यह तो हम सुनते ही आए हैं कि 'एन एपल अ डे, कीप्स द डॉक्टर अवे'। यह सत्य ही है। सभी फलों में से सेब एक अमूल्य फल है। हमारे शरीर में होने वाले शारीरिक व रासायनिक परिवर्तनों और कई अन्य कार्यकलापों में इसका सेवन महत्त्वपूर्ण लाभ देता है। पोषक तत्वों की दृष्टि से यह मिनरल व विटामिन का भंडार है। अनीमिया, कब्ज, डायरिया, सिरदर्द, उच्च रक्तचाप, हृदय रोगों, सिरदर्द, पेट व आंखों संबंधी कई रोगों के इलाज में भी इसका प्रयोग किया जाता है। एक शोध से यह भी सामने आया है कि सेब व सेब के रस में ऐसे रसायन पाए जाते हैं जो रेड वाइन व चाय की तरह ही लाभ देते हैं और हृदय रोगों से सुरक्षा देते हैं। इस शोध के अनुसार जो वयस्क प्रतिदिन दो सेब का सेवन करते हैं उसमें एल डी एल आक्सीडेशन में 20 प्रतिशत कमी पाई गई। हां, सेब का सेवन करते समय यह ध्यान रखना चाहिए कि खाली पेट इसका सेवन नहीं करना चाहिए। इससे अपच हो सकता है।



**केला:-** केला एक ऐसा फल है जो इतने कम मूल्य में उपलब्ध है कि हर व्यक्ति इसे खरीद सकता है। यह एनर्जी का भंडार है। एक केले में अनुमानतः 100 कैलोरी की मात्रा होती है। इसमें प्रोटीन, विटामिन व मिनरल पाए जाते हैं। दूध के साथ इसका सेवन सम्पूर्ण आहार माना जाता है। आंतों संबंधी रोगों, डायरिया, पेचिश आर्थराइटिस, गाउट, अनीमिया, टी. बी.व एलर्जी आदि रोगों में इसका सेवन लाभप्रद है। पोटेशियम का उत्तम स्रोत होने के कारण उन व्यक्तियों को जिनकी किडनी फेल हुई हो, इसका सेवन नहीं करना चाहिए।

**अनार:-** अनार एक ऐसा फल है जिसे पचाना अन्य फलों की अपेक्षा आसान है। 100 ग्राम अनार अनुमानतः 65 कैलोरी की मात्रा देता है। बुखार व अन्य रोगों में इसका सेवन फायदेमंद होता है। जिगर, हृदय, गुर्दो के कार्यकलापों में भी इसका सेवन सुधार लाता है। भोजन से विटामिन ए की पूर्ति जिगर को करने में भी यह सहायक भूमिका निभाता है। इंफेक्शन खासकर टी. बी. से लड़ने की प्रतिरोधक क्षमता को इसका सेवन बढ़ाता है। बुखार, खुजली, गुर्दे में पथरी,दांतों व मसूड़ों संबंधी रोगों आदि के इलाज में इसका सेवन लाभ पहुंचाता है।

**चुकंदर:-** चुकंदर का रस जिगर को साफ करता है। रक्त को साफ कर विषैले तत्वों को बाहर निकलता है। यह कब्ज को दूर करता है और रक्तवाहिनियों की मजबूती के लिए भी इसका सेवन अच्छा है। रक्त संचार में सुधार करके कोलेस्ट्रोल के स्तर में कमी लाता है। अनीमिया में भी इसका सेवन फायदेमंद है।

**संतरा:-** यह रसीले फलों में बेहद लोकप्रिय फल है और संतरे का रस तो प्रायः हर जगह उपलब्ध होता है। विटामिन ए, बी,सी, और कैल्शियम से भरपूर संतरा इनका उत्तम स्रोत है। इसमें मौजूद शर्करा रक्त में जल्द ही एब्सार्व हो जाती है इसीलिए इसे जैसे ही खाते हैं वैसे ही शरीर में एनर्जी उत्पन्न होती है।

संतरे का नियमित सेवन सर्दी, इन्फलुएंजा आदि से सुरक्षा देता है। कब्ज व बुखार में भी इसका सेवन लाभप्रद है। कई नवीनतम शोधों से सामने आया है कि रसीले फलों का सेवन कई गंभीर रोगों से भी सुरक्षा देता है। (स्वा.द.)

# बच्चों के लिए खतरनाक है आपका सिगरेट पीना

**हेमंत यादव**

'सिगरेट पीना नुकसानदायक है, यह आप जानते हैं पर क्या यह भी जानते हैं कि आपके सिरगेट पीने से आपके बच्चे पैसिव स्मोकिंग के शिकार, हो सकते हैं,' मैंने एक दिन अपने एक सहयोगी को सिगरेट पीते देख कर कहा।

इस पर उन्होंने सिगरेट का एक लंबा कश खींच कर धुएं का छल्ला उड़ाते हुए जवाब दिया, 'अरे भई, मैं सिगरेट घर में नहीं पीता। घर के बाहर पीता हूं। तब मेरे बच्चे पैसिव स्मोकिंग के शिकार कैसे हो सकते हैं।'

इस पर मैंने उन्हें एक अखबार निकालकर उसमें छपी एक खबर दिखाते हुए कहा, 'यह देखिए, इसमें क्या लिखा है। जरा जोर से पढ़िए।'

कुछ सकुचाते हुए वह पढ़ने लगे, 'घर के बाहर सिगरेट पीने पर भी आपके बच्चे पैसिव स्मोकिंग के शिकार हो सकते हैं। स्टाकहोम में हुए शोध के अनुसार जिन बच्चों के मातापिता घर के बाहर सिगरेट पीते हैं, उनके बच्चों में उन बच्चों की अपेक्षा जिनके माता पिता सिगरेट नहीं पीते हैं, पैसिव स्मोकिंग से होने वाले रोगों की संभावना 2 गुनी होती है।

'शोधकर्ताओं के अनुसार कुछ मां बाप सिगरेट घर से बाहर पीते हैं, यह सोचकर कि उनके बच्चों को कोई संक्रामक रोग न हो लेकिन उनमें भी यह संभावना 2 गुनी होती है जबकि घर के अंदर सिगरेट पीने से घर के बच्चों में यह संभावना 15 गुनी हो जाती है' इतना पढ़कर वह मेरी तरफ प्रश्न भरी निगाहों से देखने लगे। तब मैंने कहा, 'मेरी तरफ क्या देखते हैं, आगे भी पढ़िए'।

'कुछ सोचकर उन्होंने फिर पढ़ना शुरू किया, 'विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा कराए गए एक सर्वेक्षण में यह तथ्य सामने आया है कि विश्व के आधे से ज्यादा बच्चे तंबाकू के धुएं से होने वाले रोगों से जूझ रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार इस शोध के परिणाम यह दिखाते हैं कि घर के बाहर ही सिगरेट पीना बच्चों को इन रोगों से बचाने के लिए पर्याप्त नहीं है। शोध करने वाले वैज्ञानिकों का कहना है कि उन्होंने पाया है कि उन बच्चों के मूत्रा में निकोटीन की मात्रा ज्यादा होती है जिनके माता पिता केवल घर के बाहर सिगरेट पीते हैं अपेक्षा उन बच्चों के जिनके माता पिता सिगरेट नहीं पीते।

पूरी खबर पढ़कर उन्होंने एक गहरी सांस ली और अखबार मेरी तरफ बढ़ाकर कुछ सोचने लगे।

'क्या सोच रहे हैं,' मैंने पूछा, 'क्या अब भी सिगरेट पीने का इरादा रखते हैं या इसे हमेशा हमेशा के लिए छोड़ देना चाहते हैं?'

उन्होंने सिगरेट का पैकेट जेब से निकाला और कचरे के डब्बे में फेंकते हुए दृढ़तापूर्वक कहा, 'आज के बाद मैं कभी सिगरेट को हाथ नहीं लगाऊंगा।'

पर कितने लोग ऐसे समझदार होंगे जो ऐसी खबर पढ़कर सिगरेट छोड़ने का संकल्प करेंगे, शायद बहुत कम क्योंकि कुछ लोगों को ऐसी रिपोर्टों पर विश्वास ही नहीं होता है।

जीवन को जीने के लिए और आनंद लेने के लिए सबसे जरूरी है दिल और दिमाग। सिगरेट के धुएं का पहला हमला इन्हीं दो अंगों पर होता है। सिगरेट का धुआं रक्तवाहिनियों को, जिन के अंदर खून दौरा करता है, संकरा कर देता है। इस से रक्त के सहज प्रवाह में बाधा आती है और हृदय पर, जो पंप करने का काम करता है, ज्यादा दबाव पड़ता है। इसी से आगे चलकर उच्च रक्तचाप की बीमारी हो जाती है। सिगरेट के धुएं से कैंसर होने की भी पूरी संभावना रहती है। यह हमारे देश में बड़ी तेजी से फैल रहा है। आप सोच रहे होंगे सिगरेट के धुएं से कैंसर कैसे होता है? तंबाकू के धुएं में कुछ तरह के रसायन होते है जिन्हें 'पोलीन्यूक्लीयर एरोमेटिक हाइड्रोकार्बन्स' कहते हैं। ये बहुत विषैले रसायन हैं और हमारे शरीर की कोशिशओं के भीतर जीवन के आधारभूत द्रव्य डी. एन. ए. की संरचना को ही अव्यवस्थित कर देते हैं।

इस धुएं में एक दूसरा जहरीला तत्व भी होता है, 'एसीटी एल्डाहाइट', यह त्वचा की स्वाभाविक कोमलता को खत्म कर उसे कठोर बना देता है और रक्तवाहिनियों को सिकोड़ देता है। फेफड़ों की एक कष्टप्रद बीमारी है एम्फीसीमा। इसमें फेफड़ों के वायुछिद्र बेकार हो जाते हैं और उन्हें दुबारा सक्रिय नहीं किया जा सकता। इसका एक कारण धुएं में छिपा यह जहरीला रसायन है।

इसके अलावा और भी दूसरी तरह की कष्टप्रद बीमारियां इस धुएं के कारण होती हैं। इसे गंभीरता से समझना चाहिए।



उपरोक्त अध्ययन से यह स्पष्ट है कि जब आप सिगरेट पीते हैं, सिर्फ आप ही नहीं पीते। आप के वे अबोध बच्चे जो अपने हाथ में सिगरेट नहीं पकड़ सकते, वे भी इस से प्रभावित होते हैं। यही नहीं, आप के आसपास बैठे आपके दोस्त, परिवार के लोग, दफ्तर के लोग, जो स्वयं सिगरेट नहीं पीते हैं, आप के द्वारा फेंके गए धुएं को पीते हैं। अब आप समझ सकते हैं कि सिगरेट से आप न सिर्फ अपने को बल्कि दूसरों को भी कितना अधिक नुकसान पहुंचाते हैं। यदि दूसरों के जीवन के साथ खिलवाड़ करना एक सामाजिक अपराध है तो आपको मानना होगा कि सिगरेट पीना एक सामाजिक अपराध है। सिगरेट छोड़ने के लिए अपने बच्चों के बीमार होने का इंतजार मत कीजिए। उनके और अपने स्वस्थ रहने के लिए आप ही सिगरेट छोड़ने का दृढ़ संकल्प कर लीजिए। (स्वा.द.)

# रोजाना खाली पेट टमाटर का जूस पीने के ये हैं गजब के फायदे

टमाटर का जूस सेहत के लिए बहुत ही कारगर होता है। रोजाना सुबह खाली पेट टमाटर का जूस पीना सेहत के लिए बहुत फायदेमंद हो सकता है। टमाटर में कई जरूरी पोषक तत्व होते हैं, जैसे विटामिन सी, विटामिन ए, पोटेशियम, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट, जो शरीर को डिटॉक्स करने और एनर्जी देने में मदद करते हैं। तो आज की इस खबर में हम आपको बताने जा रहे हैं कि अगर आप अपनी रूटीन में रोजाना के लिए टमाटर का जूस एड कर लेंगे तो जानते इसे पीने से क्या-क्या फायदे हो सकते हैं। आइए जानते हैं।



## 1. पाचन को दुरुस्त करता है

टमाटर का जूस फाइबर से भरपूर होता है, जिससे पाचन तंत्र सही तरीके से काम करता है। यह कब्ज, अपच और एसिडिटी की समस्या को दूर करने में मदद करता है।

## 2. वजन घटाने में सहायक

अगर आप वजन कम करना चाहते हैं, तो टमाटर का जूस बहुत फायदेमंद है। यह कम कैलोरी वाला होता है और मेटाबॉलिज्म को तेज करता है, जिससे फैट बर्न करने में मदद मिलती है। इससे तेजी से आपका वजन भी कम होता है।

## 3. शरीर को डिटॉक्स करता है

टमाटर का जूस शरीर से विषाक्त पदार्थों (टॉक्सिन्स) को बाहर निकालने में मदद करता है और लिवर को हेल्दी रखता है। इससे त्वचा भी साफ और चमकदार बनती है।

## 4. दिल को रखता है स्वस्थ

इसमें पोटेशियम और लाइकोपीन नामक एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने में मदद करते हैं और हृदय रोगों के खतरे को कम करते हैं।

## 5. इम्यूनिटी को मजबूत करता है

टमाटर में मौजूद विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्यूनिटी) को बढ़ाते हैं और सर्दी-खांसी जैसी बीमारियों से बचाते हैं।

## 6. स्किन और बालों के लिए फायदेमंद

टमाटर का जूस त्वचा को हाइड्रेट रखता है और कील-मुंहासों को दूर करता है। साथ ही, इसमें मौजूद बायोटिन और विटामिन घ बालों को मजबूत और घना बनाने में मदद करते हैं।

# कहीं आप भी गलत समय पर तो नहीं खा रहे हैं खाना?

सही समय पर भोजन करना हमारे सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। यही नहीं, इसके साथ अच्छी डाइट लेना भी बहुत जरूरी है। आयुर्वेद के अनुसार, भोजन का सही समय केवल हमारी भूख पर निर्भर नहीं करता, बल्कि हमारे शरीर की जैविक घड़ी (बॉडी क्लॉक) पर भी असर डालता है। सही समय पर सही प्रकार का भोजन करने से न केवल सेहत में सुधार होता है, बल्कि यह पूरे दिन शरीर को ऊर्जावान भी बनाए रखता है। आइए जानते हैं कि आयुर्वेद के अनुसार भोजन का सही समय क्या होना चाहिए।

## 1. नाश्ता (सुबह 7-9 बजे) - हल्का और पौष्टिक भोजन लें

सुबह के समय पाचन अग्नि (डाइजेस्टिव फायर) धीमी होती है, इसलिए नाश्ता हल्का और पोषक तत्वों से भरपूर होना चाहिए। इसमें ताजे फल, सूखे मेवे, दलिया या घी से बना हल्का भोजन शामिल करना फायदेमंद रहेगा। बहुत भारी, तला-भुना या ठंडा भोजन खाने से बचें।

## 2. दोपहर का भोजन (12-2 बजे) - सबसे भारी भोजन करें

आयुर्वेद के अनुसार, इस समय पाचन अग्नि सबसे तेज होती है, जिससे शरीर पोषक तत्वों को अच्छे से अवशोषित कर सकता है। इसलिए, दोपहर के भोजन में दाल, चावल, रोटी, सब्जियाँ और देसी घी जैसी संतुलित चीजें शामिल करें। प्रोसेस्ड फूड और अत्यधिक तला-भुना खाने परहेज करें।

## 3. शाम का नाश्ता (4-6 बजे) - हल्का हो

शाम के समय हल्का नाश्ता करने से रात के खाने से पहले अत्यधिक भूख नहीं लगती और पाचन बेहतर रहता है। इस समय फल, भुने हुए मखाने, सूखे मेवे या हर्बल चाय लेना अच्छा रहता है। पैकेज्ड स्नैक्स, बहुत मीठी या तली हुई चीजें नहीं खानी चाहिए।

## 4. रात का भोजन (7-8 बजे) - हल्का और जल्दी करें

आयुर्वेद के अनुसार, रात के समय पाचन शक्ति धीमी हो जाती है, इसलिए देर रात भारी भोजन करने से पेट से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं। रात के खाने में दाल, हल्की सब्जियां, खिचड़ी या सूप लेना बेहतर होता है। अधिक मसालेदार, भारी और ठंडा भोजन नहीं खाना चाहिए।

## 5. सोने से पहले (9-10 बजे) - हल्का कुछ पी सकते हैं

अगर सोने से पहले हल्की भूख महसूस हो, तो गर्म हल्दी दूध, हर्बल टी या गुनगुना पानी लेना अच्छा विकल्प हो सकता है।

# बच्चों के दांतों का रखें ख्याल

**नीतू गुप्ता**

बच्चे प्रायः दांतों की देखरेख के प्रति नादान होते हैं। माता-पिता का फर्ज होता है कि बचपन में उनकी देखभाल में सहयोग करें और उन्हें साथ साथ प्रशिक्षित करें कि वे कैसे अपने दांतों को सुरक्षित रख सकते हैं। थोड़ी सी बरती लापरवाही कभी कभी बड़ी परेशानियों में घेर लेती है।

**दांतों की देखभाल के लिए:-** जब तक बच्चे बॉटल फीड लेते हैं, बोतलों को अच्छी तरह ब्रश से साफ कर पानी में उबालकर दूध पिलाएं।

- सोते हुए उनके मुंह में बोतल न छोड़ें।
- दूध पीने के बाद किसी साफ, नर्म गीले कपड़े से जीभ और मुंह अच्छी तरह से साफ करें।
- छः साल से छोटे बच्चे को फ्लोराइडयुक्त टूथपेस्ट का प्रयोग न करने दें।
- बच्चों को टाफी, चॉकलेट, च्यूंग-गम और अन्य मीठी वस्तुओं का कम से कम सेवन करने दें।

**ब्रश कब से करवाएं:-** जब बच्चे का पहला दांत निकले, तभी से आप उसके दांत की ब्रशिंग कर सकते हैं। बहुत ही सॉफ्ट ब्रश बच्चों के लिए आते हैं। उससे बच्चे का दांत ब्रश करें। ध्यान रखें ब्रश आगे से पतला आकार में छोटा हो। पांच छः वर्ष तक के बच्चों को अगर माता-पिता ब्रश करवाएं तो उचित रहेगा।

अगर बच्चा स्वयं ब्रश करने की जिद करे तो प्रातः उसे कहें कि वह स्वयं करे और रात्रि में माता-पिता करवाएं। बच्चों के लिए विशेष टूथपेस्ट मार्केट में उपलब्ध हैं। बच्चों को फ्लोराइड युक्त टूथपेस्ट न दें। पेस्ट बस मटर के दाने के समान लगाएं और ध्यान दें कि बच्चा पेस्ट खा न जाए। अगर लगे कि कभी बच्चे ने पेस्ट खा लिया है तो 2-3 बार उसे कुल्ला करवाएं। उसके बाद उसे दूध पीने को दे दें ताकि पेस्ट का प्रभाव कम हो जाए।

बचाव के लिए

स जब बच्चे के प्रारंभ के दांत आ जाएं तो एक बार डॉक्टर से उसके दांतों की जांच करवा दें। एक से डेढ़ साल की आयु के बाद बच्चों को डेंटिस्ट के पास ले जाएं। अगर प्रारंभ में कुछ समस्या होगी तो उपचार सही समय पर प्रारंभ हो जाएगा।

- सात-आठ साल की उम्र के बच्चों को भी डेटिस्ट के पास ले जाएं। अगर कोई आर्थोडॉन्टिक समस्या होगी तो इस आयु में इसका उपचार आसान और बेहतर होता है।

स बच्चों को माउथवाश प्रयोग न करने दें क्योंकि बच्चे इसे पी सकते हैं जो बहुत खतरनाक हो सकता है।

- बच्चों को कम शुगर वाले खाद्य पदार्थ खाने को दें। फाइबर वाले भोज्य पदार्थ अधिक दें। थोड़ा मीठा खाने के बाद दें और ध्यान रखें कि वो बाद में अच्छी तरह से कुल्ला कर मुंह साफ कर ले। बच्चों को दवाई देने के बाद भी कुल्ला अवश्य करवाएं।
- बच्चों के दांतों पर फ्लोराइड एप्लीकेशन करा सकते हैं जिससे केविटी कम लगने का चांस रहता है। 3 साल की आयु से पहले फ्लोराइड एप्लीकेशन न करवाएं।
- अगर बच्चों की दाढ़ों में कोई गड्ढा हो और खाना उसमें बार-बार फंस जाता हो, ऐसे में डेटिस्ट से उस जगह को सील करा दें ताकि खाना फंस कर सड़ता न रहे और कीड़ा न लगने पाए। इस प्रक्रिया को पिट एंड फिशर सीलेंट कहते हैं।
- अगर दांत उम्र से पहले टूट जाएं तो वहां पर स्पेस मेंटेनर लगवा लें। (स्वा.द.)



## न्यूज इन ब्रीफ

### आंध्र प्रदेश : गोदावरी नदी में डूबने से पांच की मौत

**ताड़ीपुड़ी (आंध्र प्रदेश) :** आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले में बुधवार की सुबह नहाने गए 12 लोगों के एक समूह में से पांच लोग गोदावरी नदी में डूब गए। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह हादसा सुबह करीब साढ़े आठ बजे ताड़ीपुड़ी गांव के तल्लापुडी मंडल में हुआ। अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया, गोदावरी नदी में नहाने गए 12 लोगों में से पांच डूब गए जबकि सात किसी तरह बचने में सफल रहे। समूह के लोग स्नान के बाद महाशिवरात्रि पर्व पर पास के एक मंदिर जाने वाले थे। मृतकों और जीवित बचे लोगों में अधिकतर की उम्र 20 वर्ष से कम बताई जा रही है। पुलिस, दमकल सेवा और स्थानीय लोग डूबे हुए लोगों की तलाश कर रहे हैं।

### जम्मू-कश्मीर के राजौरी में आतंकवादियों ने सेना के वाहन पर गोलीबारी की

**राजौरी/जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा के पास एक अग्रिम गांव में बुधवार को संदिग्ध आतंकवादियों ने सेना के एक वाहन पर गोलीबारी की। अधिकारियों ने बताया कि सुंदरबनी सेक्टर के फाल गांव के पास थोड़ी देर हुई गोलीबारी में किसी के हताहत होने की तत्काल कोई खबर नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि माना जा रहा है कि जंगल में छिपे आतंकवादियों ने इलाके से गुजर रहे सेना के वाहन पर गोलियां चलाईं। अधिकारियों ने बताया कि सैनिकों ने जवाबी गोलीबारी की, जबकि आतंकवादियों को खत्म करने के लिए अतिरिक्त बल भेजा गया है। सेना ने इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू कर दिया है।

### ओडिशा: महाशिवरात्रि के मौके पर श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच केतकी के फूल 1,000 रुपये तक बिके

**भुवनेश्वर/बरहमपुर :** महाशिवरात्रि के मौके पर ओडिशा के मंदिरों में हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी, जिसके कारण केतकी के फूलों की मांग बढ़ गई है। पुरी स्थित श्री लोकनाथ मंदिर के पास कांटेदार फूल केतकी 600 से 1,000 रुपये तथा भुवनेश्वर के श्री लिंगराज मंदिर के पास यह 600 से 800 रुपये में बेचे जा रहे थे। महाशिवरात्रि के मौके पर केतकी के फूलों की मांग इसलिए बढ़ जाती है क्योंकि इस दिन इन फूलों को भगवान महादेव को अर्पित किया जाता है। केतकी 'केवड़ा' की एक किस्म है और इसका वानस्पतिक नाम पांडनस फैसिक्युलैरिस है। यह फूल केवल इसी मौसम में खिलता है।

### महाकुंभ में न जाकर राहुल और उद्धव ने हिंदुत्व का अपमान किया: आठवले

**मुंबई :** केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने बुधवार को आरोप लगाया कि शिवसेना (उबाठा) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने महाकुंभ में न जाकर हिंदुत्व का अपमान किया है और हिंदू मतदाताओं को उनका बहिष्कार करना चाहिए। महाराष्ट्र के प्रमुख दलित नेता और भाजपा के सहयोगी अठावले ने कहा, ''ठाकरे हिंदुत्व के बारे में बात करते हैं, लेकिन उन्होंने प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में भाग नहीं लिया।'' उन्होंने 'पीटीआई-वीडियो' से कहा, ठाकरे और गांधी परिवार ने महाकुंभ में भाग न लेकर हिंदुत्व का अपमान किया है।

# अरुणाचल के सभी जिलों को जोड़ने वाला राजमार्ग जल्द पूरा होगा: रीजीजू



**ईटानगर :** केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने बुधवार को कहा कि राज्य के सभी 26 जिला मुख्यालयों को जोड़ने वाला ट्रांस-अरुणाचल राजमार्ग पूरा होने के करीब है। केंद्रीय संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री रीजीजू कामले जिले के बोसिमला में न्यिशी जनजाति के त्योहार न्योकुम युल्लो के अवसर पर एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी मौजूद थे। रीजीजू ने कहा, ''ट्रांस-अरुणाचल राजमार्ग, जो पूरा होने के करीब है, राज्य के सभी जिला मुख्यालयों को निर्बाध रूप से जोड़ेगा, जिससे विकास को बढ़ावा मिलेगा।'' अरुणाचल प्रदेश के लिए केंद्र की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए मंत्री ने कहा कि सरकार ने 42,000 करोड़ रुपये की सीमांत राजमार्ग परियोजना को मंजूरी दी है, जो एक ऐतिहासिक पहल है और इतने बड़े पैमाने पर भारत में अपनी तरह की पहली पहल है। रीजीजू ने पिछले हफ्ते कहा था कि अरुणाचल सीमांत राजमार्ग, जो भारत-चीन सीमा पर 12 जिलों को जोड़ेगा, पूर्वोत्तर राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों के लिए काफी उपयोगी साबित होगा। उन्होंने इस महत्वाकांक्षी परियोजना का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व को दिया। रीजीजू ने कहा कि इतिहास उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित छोटे से शहर बोसिमला की यात्रा को याद रखेगा। उन्होंने कहा, ''देश के द्वितीय नागरिक (उपराष्ट्रपति) का बोसिमला पहुंचना अरुणाचल प्रदेश के लोगों के लिए बहुत गर्व की बात है। न्योकुम युल्लो मनाते समय हमारे बीच उपराष्ट्रपति का होना सम्मान की बात है।''

### आयुष मंत्रालय ने तीन प्रतिष्ठित चिकित्सकों को राष्ट्रीय धन्वंतरि आयुर्वेद पुरस्कार प्रदान किए

**नयी दिल्ली :** आयुष मंत्रालय ने पारंपरिक भारतीय चिकित्सा के क्षेत्र में असाधारण योगदान के लिए तीन प्रतिष्ठित चिकित्सकों को मौजूदा वर्ष के लिए राष्ट्रीय धन्वंतरि आयुर्वेद पुरस्कार प्रदान किए। इस वर्ष प्रतिष्ठित पुरस्कार के विजेताओं में प्रसिद्ध नाड़ी वैद्य और लेखक तारा चंद शर्मा, छह दशकों की सेवा के साथ द्रव्यगुण विज्ञान के प्रतिष्ठित विद्वान वैद्य माया राम उनियाल और विश्व व्याकरणमाला राष्ट्रीय सम्मेलन के संस्थापक वैद्य समीर गोविंद जमदग्नि शामिल हैं। प्रत्येक पुरस्कार विजेता को एक प्रशस्ति पत्र, भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा वाली एक ट्रॉफी और पांच लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाता है। आयुष मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि राष्ट्रीय धन्वंतरि आयुर्वेद पुरस्कार पारंपरिक चिकित्सा ज्ञान को संरक्षित करते हुए समग्र स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों को महाशिवरात्रि की बधाई दी



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं और कामना की कि यह पर्व सभी के जीवन में सुख-समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य लेकर आए तथा 'विकसित भारत' के संकल्प को मजबूती दे। महाशिवरात्रि का पर्व फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाया जाता है। महाशिवरात्रि का पर्व हिंदू धर्म में बहुत ही पवित्र माना जाता है। देश भर में बुधवार को महाशिवरात्रि का त्योहार मनाया जा रहा है। इस अवसर पर श्रद्धालु 'जय भोलेनाथ' और 'हर-हर महादेव' का जयकारा लगाते हुए शिवालयों एवं मंदिरों में भगवान शिव की पूजा-अर्चना करते हैं। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर लिखा, सभी देशवासियों को भगवान भोलेनाथ को समर्पित पावन पर्व महाशिवरात्रि की असीम शुभकामनाएं। यह दिव्य अवसर आप सभी के लिए सुख-समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य लेकर आए, साथ ही विकसित भारत के संकल्प को सुदृढ़ करे, यही कामना है। हर-हर महादेव! 'विकसित भारत', भारत सरकार का दृष्टिकोण है, जिसका लक्ष्य 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है। साल 2047 में देश अपनी स्वतंत्रता का 100वां वर्ष मनाएगा।

### बच्चों और युवाओं को इंटरनेट की लत से लड़ने में मदद के लिए दिल्ली एम्स में केंद्र स्थापित किया जाएगा

**नयी दिल्ली :** बच्चों और युवाओं को इंटरनेट तथा प्रौद्योगिकी की लत से लड़ने में मदद करने के लिए देश में अपनी तरह का पहला केंद्र अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), दिल्ली में स्थापित किया जाएगा। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने हाल ही में तकनीक के अत्यधिक और समस्या पैदा करने वाले उपयोग से संबंधित व्यसनकारी व्यवहार पर उन्नत शोध केंद्र (सीएआर-एबी) की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। एम्स, दिल्ली में व्यवहार व्यसन क्लीनिक (बीएसी) के संकाय प्रभारी यतन पाल सिंह बल्हारा इस परियोजना का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''प्रौद्योगिकी के अत्यधिक और समस्या पैदा करने वाले उपयोग को एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या के रूप में पहचाना गया है।'' डॉ बल्हारा ने कहा कि भारत के आर्थिक सर्वेक्षण (2024-25) में बच्चों और किशोरों में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं में वृद्धि को इंटरनेट के अत्यधिक उपयोग से जोड़ा गया है और बच्चों एवं किशोरों को उनके मानसिक स्वास्थ्य में सुधार के लिए इंटरनेट से दूर रखने के लिहाज से स्कूल एवं परिवार के स्तर पर हस्तक्षेप की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया है। उन्होंने कहा कि यह केंद्र लत लगने संबंधी विभिन्न व्यवहारों पर समग्र रूप से ध्यान देगा। डॉ. बल्हारा ने कहा, ''यह देश में अपनी तरह का पहला केंद्र है, जिसे विशेष रूप से बच्चों और युवाओं के बीच प्रौद्योगिकी के अत्यधिक और समस्याग्रस्त उपयोग को देखते हुए साक्ष्य-आधारित हस्तक्षेप विकसित करने का काम सौंपा गया है।''

## 'अगर आप थोपेंगे नहीं तो हम हिंदी का विरोध नहीं करेंगे' : स्टालिन



**चेन्नई :** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एवं सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (डीएमके) के अध्यक्ष एम. के. स्टालिन ने बुधवार को कहा कि अगर तमिलनाडु और तमिलों के आत्मसम्मान के साथ खिलवाड़ कर जबरन उन पर हिंदी भाषा 'थोपी' नहीं जाए तो पार्टी इस भाषा का विरोध नहीं करेगी। कथित रूप से हिंदी थोपे जाने के मुद्दे पर पार्टी कार्यकर्ताओं को लिखे पत्र में स्टालिन ने कहा कि आत्मसम्मान तमिलों की 'विशेषता' है। उन्होंने कहा, ''जो लोग पूछ रहे हैं कि द्रमुक अब भी हिंदी का विरोध क्यों कर रही है, तो मैं आप में से एक होने के नाते उन्हें विनम्रता से जवाब देता हूं - क्योंकि आप अब भी इसे हम पर थोप रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''अगर आप नहीं थोपेंगे तो हम विरोध नहीं करेंगे, तमिलनाडु में हिंदी के शब्दों पर कालिख नहीं पोतेंगे। आत्म-सम्मान तमिलों की अनूठी विशेषता है और हम किसी को भी, चाहे वह कोई भी हो, इसके साथ खिलवाड़ नहीं करने देंगे।'' स्टालिन की यह टिप्पणी राज्य में भाषा को लेकर जारी विवाद के बीच आई है। द्रमुक ने आरोप लगाया है कि केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) में तीन-भाषा फार्मूले के माध्यम से हिंदी को थोपने की कोशिश कर रही है। हालांकि, केंद्र सरकार ने इस आरोप का खंडन किया है। इस मुद्दे पर द्रमुक और भाजपा की तमिलनाडु इकाई के बीच जुबानी जंग शुरू हो गई है। पार्टी की तमिलनाडु इकाई के प्रमुख के. अन्नामलाई इसकी अगुवाई कर रहे हैं। अपने पत्र में स्टालिन ने राज्य में 1937-39 के बीच हुए हिंदी विरोधी आंदोलन को याद किया और कहा कि ईवी रामासामी 'पेरियार' सहित विभिन्न नेताओं ने आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया था।

## न्यूज अपडेट

### 130 किमी प्रति घंटे से ज्यादा की अधिकतम अनुमत गति वाली ट्रेन 'हाई स्पीड' श्रेणी में आती हैं : रेलवे

**नयी दिल्ली :** भारतीय रेलवे ने 280 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने में समर्थ ट्रेन को विकसित करने के प्रयास शुरू किए हैं और वह एक बुलेट ट्रेन परियोजना पर काम कर रही है जो (बुलेट ट्रेन) मुंबई और अहमदाबाद के बीच 320 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती है। हालांकि, आधिकारिक रिकॉर्ड में उच्च रफ्तार (हाई स्पीड) ट्रेने वे हैं जिनकी गति 130 किमी प्रति घंटे से अधिक हो सकती है। लोको पायलट (रेल चालक) की आवधिक चिकित्सा जांच के प्रश्न पर रेलवे बोर्ड और दक्षिण मध्य जोन के बीच एक पत्राचार में, बोर्ड ने 19 फरवरी, 2025 को कहा, ''... केवल 130 किमी प्रति घंटे से ज्यादा की अधिकतम स्वीकार्य गति वाली ट्रेन को ही 'उच्च रफ्तार' ट्रेन के रूप में वर्गीकृत किया गया है।'' सरकारी दस्तावेजों से पता चलता है कि तीन जुलाई 1989 तक 110 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाली ट्रेन को चालकों की 'मेडिकल फिटनेस' के लिए 'उच्च रफ्तार' माना जाता था। उसके बाद, इसमें संशोधन किया गया और 110 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की गति वाली ट्रेन को ' उच्च रफ्तार' की श्रेणी में रखा गया। रेलवे बोर्ड ने 24 नवंबर 2020 को सहायक 'लोको पायलट (चालक)' के स्थान पर सह-पायलट को तैनात करने के सवाल पर परिपत्र में और संशोधन किया तथा कहा, ''130 किमी प्रति घंटे तक की अधिकतम अनुमेय गति वाली ट्रेन को 'उच्च रफ्तार' नहीं माना जाएगा। केवल 130 किमी प्रति घंटे से ज्यादा की अधिकतम अनुमेय गति वाली ट्रेन को ही 'उच्च रफ्तार' ट्रेन माना जाएगा।

### गाजियाबाद में अलग-अलग दुर्घटनाओं में पांच लोगों की मौत

**गाजियाबाद :** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर एक एसयूवी ने बुधवार तड़के मोटरसाइकिलों को टक्कर मार दी, जिससे तीन कांवड़ियों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (ग्रामीण) सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि पांच कांवड़िए दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर मेरठ से फरीदाबाद जा रहे थे, तभी भोजपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत टोल टैक्स बैरियर के पास एक एसयूवी ने उन्हें टक्कर मार दी। यह घटना 25-26 फरवरी की मध्य रात्रि को हुई। डीसीपी तिवारी ने बताया, सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, उनमें से तीन- देवेंद्र, हरेंद्र और अजय (सभी की उम्र 30 के आसपास) को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। दो अन्य सुनील और सुंदर (दोनों की उम्र करीब 30 साल) का इलाज किया जा रहा है। शव पोस्टमार्टम के बाद उनके परिजनों को सौंप दिए गए, जबकि घायलों को आगे के इलाज के लिए फरीदाबाद ले जाया गया। डीसीपी ने बताया, कार चालक शराब के नशे में धुत था, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया और वाहन को जब्त कर लिया गया है। दोपहर में अलग दुर्घटना में, मसूरी थाना क्षेत्र में अंडरपास के पास एक इलेक्ट्रिक बस ने नियंत्रण खो दिया और एक मोटरसाइकिल और कई राहगीरों को टक्कर मार दी। डीसीपी तिवारी ने बताया कि बस चालक के वाहन से नियंत्रण खो देने के कारण यह दुर्घटना हुई। उन्होंने बताया कि 36 वर्षीय महिला रेशमा और तीन वर्षीय बच्ची आफिया की मौके पर ही मौत हो गई। चार अन्य घायल हो गए। डीसीपी ने कहा, घायलों को अस्पताल भेजा गया, जहां उनकी हालत स्थिर है। इलेक्ट्रिक बस को जब्त कर लिया गया है, और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### सरकार ने अदालती मामले लड़ने के लिए 10 साल में 400 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए

**नयी दिल्ली :** सरकार ने पिछले 10 वर्ष के दौरान अदालतों में मुकदमे लड़ने पर 400 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए हैं। एक आधिकारिक आंकड़े में यह बात सामने आई। वित्त वर्ष 2023-24 में मुकदमेबाजी पर केंद्र सरकार का 66 करोड़ रुपये का खर्च उससे पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 9 करोड़ रुपये से अधिक था। संसद के बजट सत्र में सरकार ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कुछ आंकड़े साझा किए जिनके अनुसार, 2014-15 से मुकदमेबाजी पर खर्च राशि में वृद्धि हुई है। इनमें केवल दो वित्त वर्ष अपवाद रहे जब कोविड महामारी अपने चरम पर थी। जवाब के अनुसार 2014-15 में मुकदमेबाजी पर लागत 26.64 करोड़ रुपये आई, जबकि 2015-16 में यह खर्च 37.43 करोड़ रुपये रहा। 2014-15 और 2023-24 के बीच, सरकार ने मुकदमों पर 409 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए। विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने इस महीने की शुरुआत में राज्यसभा में एक अन्य प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि अदालतों में लंबित करीब सात लाख मामलों में सरकार पक्षकार है और वित्त मंत्रालय अकेले करीब 1.9 लाख मामलों में एक वादी है।

## अभिनेता विजय ने भाषा विवाद पर भाजपा-द्रमुक तकरार का मजाक उड़ाया



**चेन्नई :** अभिनेता एवं 'तमिलगा वेत्री कझगम' (टीवीके) के संस्थापक विजय ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर हैशटैग तकरार शुरू करने के लिए भाजपा और द्रमुक का उपहास किया तथा कहा कि दोनों पार्टियां भाषा विवाद जैसे गंभीर मुद्दे को महत्वहीन बना रही हैं। चेन्नई के निकट मामल्लपुरम में टीवीके की पहली वर्षगांठ समारोह में विजय ने कहा कि भाजपा ने त्रिभाषा नीति पर द्रमुक के गेट आउट मोदी का जवाब गेट आउट स्टालिन से दिया, ''ठीक उसी तरह, जैसे एलकेजी और यूकेजी के बच्चे लड़ते हैं।' उन्होंने कहा, धन मुहैया कराना केंद्र का कर्तव्य है और धन प्राप्त करना राज्य का अधिकार है। लेकिन फासीवाद और 'पायसम' (टीवीके इस शब्द का प्रयोग द्रमुक के फासीवाद विरोधी बयानबाजी का उपहास करने के लिए करता है), हमारे राजनीतिक और वैचारिक दुश्मन दोनों ही सोशल मीडिया पर हैशटैग के साथ खेल रहे हैं। यहां क्या हो रहा है? दोनों लड़ने का दिखावा कर रहे हैं और उम्मीद कर रहे हैं कि हम यकीन कर लें?'' विजय ने कहा कि टीवीके सभी भाषाओं का सम्मान करता है, लेकिन किसी अन्य भाषा के लिए अपना आत्मसम्मान नहीं छोड़ेगा। उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा, कोई भी व्यक्ति कोई भी भाषा सीख सकता है, लेकिन सहकारी संघवाद और राज्य की स्वायत्तता का उल्लंघन करना तथा किसी अन्य भाषा को थोपकर और उसे राजनीतिक रूप से लागू करके राज्य की भाषा पर प्रश्नचिह्न लगाना अस्वीकार्य है।

### अमेरिका में अवैध प्रवासन : ईडी ने पंजाब, चंडीगढ़ में कई वीजा सलाहकार फर्म के ठिकानों पर छापे मारे

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अमेरिका जाने के इच्छुक उम्मीदवारों को आव्रजन सेवाएं प्रदान करने में कथित धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में पंजाब के लुधियाना और चंडीगढ़ में कई वीजा सलाहकार फर्म के ठिकानों पर छापे मारे। ईडी अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, यह मामला दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास के विदेशी आपराधिक जांच कार्यालय की शिकायत पर पंजाब और दिल्ली पुलिस द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी से उपजा है। शिकायत में कहा गया है कि रेड लीफ इमिग्रेशन प्राइवेट लिमिटेड, ओवरसीज पार्टनर एजुकेशन कंसल्टेंट्स और कुछ अन्य कंपनियों ने धोखाधड़ी संबंधी गतिविधियों की साजिश रची। ईडी ने एक बयान में कहा कि मंगलवार को पंजाब के लुधियाना और चंडीगढ़ में रेड लीफ इमिग्रेशन प्राइवेट लिमिटेड, ओवरसीज पार्टनर एजुकेशन कंसल्टेंट्स, इंफोविज सॉफ्टवेयर सॉल्यूशंस और कुछ अन्य कंपनियों के पांच व्यावसायिक और आवासीय परिसरों पर छापेमारी की गई। बयान के अनुसार, तलाशी के दौरान आपत्तिजनक दस्तावेज, डिजिटल उपकरण और 19 लाख रुपये नकद जब्त किए गए। इसमें कहा गया है कि आरोपी कंपनियों और उनका संचालन करने वाले लोगों ने अमेरिका में पढ़ाई या नौकरी के इच्छुक ऐसे आवेदकों के शैक्षिक प्रमाणपत्रों/अनुभव पत्रों में जालसाजी की थी, जिनके पास वीजा पाने के लिए वांछित योग्यता नहीं थी।

### न्यायालय ने दुर्लभ बीमारी के मरीज के लिए दवा खरीदने के केंद्र को दिए आदेश पर रोक लगाई

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने केरल उच्च न्यायालय के उस आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है जिसमें केंद्र को 'स्पाइनल मस्कुलर अट्रोफी' (एसएमए) से पीड़ित एक मरीज को 50 लाख रुपये की सीमा से परे 18 लाख रुपये की अतिरिक्त दवाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया था। 'स्पाइनल मस्कुलर अट्रोफी' बच्चों में पाई जाने वाली एक दुर्लभ आनुवांशिक बीमारी है जो मांसपेशियों के काम करने के तरीके को नियंत्रित करने वाली तंत्रिका कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाती है। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने 24 फरवरी को केंद्र की याचिका पर प्रतिवादियों को नोटिस जारी किया। पीठ ने कहा कि 17 अप्रैल तक नोटिस का जवाब दिया जाए। उसने कहा, ''जिस फैसले को चुनौती दी गई है उसके तहत दिए आदेश पर अगली सुनवाई की तारीख तक रोक रहेगी।'' इस नीति के तहत केंद्र सरकार जरूरतमंद मरीज को इलाज के लिए 50 लाख रुपये तक दे सकती है। उच्च न्यायालय ने छह फरवरी को निर्देश दिया था कि जब तक एसएमए की दवा की उच्च कीमत का मामला एकल न्यायाधीश की पीठ हल नहीं कर लेती, तब तक एक बार के उपाय के तौर पर 24 वर्षीय सेबा पीए को दवा 'रिसडिप्लाम' प्रदान की जानी चाहिए ताकि उसका निरंतर उपचार सुनिश्चित किया जा सके।

## संतों ने समाज में महिलाओं के लिए सम्मानजनक स्थान सुनिश्चित किया है: मुर्मु



**छतरपुर (मप्र) :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि भारत में संतों ने समाज में महिलाओं के लिए सम्मानजनक स्थान सुनिश्चित किया है और देश आज 'महिला विकास से महिला-नीत विकास' की ओर बढ़ रहा है। मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले के गढ़ा गांव के बागेश्वर धाम में आयोजित एक सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित करते हुए मुर्मू ने कहा, ''समकालीन संत आत्मनिर्भर, सामंजस्यपूर्ण और पर्यावरण के अनुकूल भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।'' इस सामूहिक विवाह समरोह में 251 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। उन्होंने कहा, ''संत समुदाय ने समाज से सामाजिक बुराइयों के खिलाफ आवाज उठाकर उन्हें दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और समाज में महिलाओं के लिए सम्मानजनक स्थान सुनिश्चित किया है।'' मुर्मू ने कहा, ''आज, जब हमारा देश महिला विकास से महिला-नीत वाले विकास की ओर बढ़ रहा है, तो हमें अपनी बेटियों और बहनों को मजबूत और सक्षम बनाने में योगदान देना चाहिए।'' उन्होंने लोगों से महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा पर ध्यान देने का आग्रह किया। राष्ट्रपति ने कहा, ''हमारे छोटे-छोटे प्रयास बहन बेटियों को सशक्त बनाएंगे।'' उन्होंने महिलाओं को उनकी शिक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए निरंतर प्रयास करने की सलाह दी। मुर्मू ने कहा कि भारतीय परंपरा में संतों ने सदियों से अपने कर्म और वाणी से जनमानस को राह दिखाई है और उन्होंने समाज में फैले अंधविश्वासों के बारे में लोगों को जागरूक किया है, छुआ-छूत और ऊंच-नीच के भेद-भाव को दूर करने की सीख दी है।

# पू. सी. रेलवे: 2025 तक 100% रेलवे बिजलीकरण की ओर अग्रसर

- **भारत में इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन के 100 वर्ष पूरे होने का जश्न**



**मालीगांव :** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (पू. सी. रेलवे) ने बिजलीकरण में उल्लेखनीय प्रगति की है, जिससे इसके क्षेत्राधिकार के अधीन रेल संपर्क में उल्लेखनीय वृद्धि, यात्रा समय में कमी और माल परिवहन में सुधार हुआ है। विकास की इस यात्रा में एक प्रमुख माइलस्टोन 11 अप्रैल, 2017 को हासिल हुआ था, जब ट्रेन संख्या 15708/15707 (कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस) कटिहार-बरौनी सेक्शन में बिजली से चलने वाली पहली यात्रीवाही ट्रेन बनी। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि पूर्वोत्तर में रेलवे नेटवर्क का विद्युतीकरण मार्च 2026 तक पूरा हो जाएगा। इस पहल से क्षेत्र में कनेक्टिविटी को बढ़ावा, परिचालन दक्षता में वृद्धि और मजबूत परिवहन को समर्थन मिलने की उम्मीद है। चुनौतीपूर्ण भौगोलिक और लॉजिस्टिक स्थितियों के बावजूद, पू. सी. रेलवे ने इन बाधाओं को सफलतापूर्वक पार कर लिया है, जिससे कनेक्टिविटी, यात्रा दक्षता और माल परिवहन में पर्याप्त सुधार हुआ है। जनवरी 2025 तक, पू. सी. रेलवे में 2,828 रूट किलोमीटर (आरकेएम) विद्युतीकृत हो चुका है। राजधानी मार्ग का बिजलीकरण मार्च 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य है। वहीं, पू. सी. रेलवे में पूर्ण बिजलीकरण कैलेंडर वर्ष 2025 के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य है। कटिहार-गुवाहाटी, गुवाहाटी-लामडिंग, लामडिंग-फरकाटिंग, अगरतला-सबरूम और अगरतला-जिरिबाम जैसे प्रमुख मार्गों के बिजलीकरण ने क्षेत्रीय संपर्क को मजबूत और आर्थिक विकास को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पू. सी. रेलवे की बिजलीकरण यात्रा ने उल्लेखनीय माइलस्टोन दर्ज की है, जिसकी शुरुआत अप्रैल 2017 में हुई थी, जब कटिहार मंडल में इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन पर पहली मालगाड़ी और यात्रीवाही ट्रेनें शुरू की गई थीं। 14 अप्रैल, 2017 को कटिहार से पहली राजधानी एक्सप्रेस चली थी। अन्य ऐतिहासिक उपलब्धियों में 9 जनवरी, 2020 को न्यू जलपाईगुड़ी और कोलकाता के बीच इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन पर पहली यात्रीवाही ट्रेन, 22 अक्टूबर, 2021 को नई दिल्ली से गुवाहाटी के कामाख्या स्टेशन में ब्रह्मपुत्र मेल का ऐतिहासिक आगमन एवं पूर्ण इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन पर 2,000 किमी से अधिक की दूरी तय करना तथा 26 फरवरी, 2022 को गुवाहाटी और कटिहार के बीच पहली राजधानी एक्सप्रेस का शुभारंभ शामिल है। माननीय प्रधानमंत्री ने न्यू जलपाईगुड़ी, न्यू कूचबिहार, न्यू बंगाईगांव, रंगिया और गुवाहाटी जैसे प्रमुख स्टेशनों सहित पूर्ण विद्युतीकृत कटिहार-लामडिंग मार्ग को समर्पित किया, जिससे इस क्षेत्र की कनेक्टिविटी को अधिक मजबूती मिली है। बिजलीकरण कार्य जारी रखते हुए, पू. सी. रेलवे ने मालदा, सिलीगुड़ी और न्यू गुवाहाटी में इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव शेड स्थापित किए हैं और डीजल से इलेक्ट्रिक इंजनों में पूर्ण स्थानांतरण की सुविधा के लिए आगे विस्तार कार्य प्रगति पर है।

## सीबीएसई ने विद्यालयों को एक ही नाम और संबद्धता संख्या से शाखाएं खोलने की अनुमति दी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने अपनी मान्यता प्राप्त विद्यालयों के संबद्धता मानदंडों में ढील दी है, जिससे अब ये विद्यालय समान नाम और एक ही संबद्धता संख्या के तहत स्कूल की अन्य शाखा स्थापित कर सकते हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि दोनों विद्यालयों को शैक्षणिक बुनियादी ढांचे के संदर्भ में अलग-अलग संसाधनों की व्यवस्था करनी होगी। उन्होंने बताया कि अगर कोई छात्र शाखा विद्यालय से मुख्य विद्यालय में दाखिला लेना चाहे तो यह प्रकिया निर्बाध होगी और नियमों के अनुसार इसे नया प्रवेश नहीं माना जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि मुख्य स्कूल में छठी कक्षा से 12वीं तक की कक्षाओं के संचालन की अनुमति दी गई है जबकि शाखा स्कूल में प्री-प्राइमरी से पांचवी तक की कक्षाएं होंगी। सीबीएसई के सचिव हिमांशु गुप्ता ने बताया, ''दोनों विद्यालयों का प्रबंधन और स्वामित्व एक ही होगा और प्रशासनिक तथा शैक्षणिक प्रक्रिया भी एक ही होंगी। दोनों शाखाओं के लिए एक सामान्य वेबसाइट होगी और इस वेबसाइट में शाखा स्कूल के लिए एक अलग से एक भाग होगा।'' उन्होंने बताया, ''मुख्य विद्यालय दोनों शाखाओं के लिए प्रवेश का प्रबंधन करेगा और इसके खातों का भी रखरखाव करेगा। छात्रों के शाखा विद्यालय से मुख्य विद्यालय में जाने की प्रक्रिया निर्बाध होगी और इसे छात्रों का नया प्रवेश नहीं माना जाएगा बल्कि उन्हें एक स्वाभाविक प्रक्रिया के तहत छठी कक्षा में पदोन्नत माना जाएगा।'' गुप्ता ने बताया कि दोनों विद्यालयों को अलग-अलग शिक्षण और गैर-शिक्षण से संबंधित कर्मचारियों की नियुक्तियां करनी होंगी तथा कर्मचारियों के वेतन भुगतान की जिम्मेदारी भी मुख्य स्कूल पर होगी। वर्तमान में सीबीएसई, शाखा स्कूल स्थापित करने की अनुमति नहीं देता है और एक ही समूह के प्रत्येक विद्यालय को अलग-अलग संबद्धता संख्या की जरुरत होती है। हालांकि नये नियम आने से इन मानदंडों में बदलाव हो गया है। गुप्ता ने कहा, ''बोर्ड सभी मुद्दों पर मुख्य स्कूल के प्रधानचार्य से ही बातचीत करेगा...।''

## न्यूज ब्रीफ

### आस्ट्रेलियाई स्पिनर मैथ्यू कुहनेमन के गेंदबाजी एक्शन को आईसीसी से क्लीन चिट

**मेलबर्न:** आस्ट्रेलिया के बायें हाथ के स्पिनर मैथ्यू कुहनेमन के गेंदबाजी एक्शन को आईसीसी ने ब्रिसबेन में कराये गए विस्तृत टेस्ट के बाद क्लीन चिट दे दी। श्रीलंका के खिलाफ पिछले महीने दूसरे टेस्ट के दौरान उनके गेंदबाजी एक्शन की शिकायत की गई थी। अब आईसीसी से गेंदबाजी एक्शन को वैध ठहराये जाने के बाद वह इस साल के आखिर में वेस्टइंडीज के टेस्ट दौरे पर खेलने जा सकते हैं। आईसीसी ने एक बयान में कहा, 'कुहनेमन का एक्शन वैध लग रहा है और वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में गेंदबाजी जारी रख सकते हैं।'

### पिंक लेडीज़ कप में कोरिया से हारी भारतीय टीम

**शारजाह:** भारत की सीनियर महिला टीम बुधवार को यहां अल हमरिया स्पोर्ट्स क्लब स्टेडियम में पिंक लेडीज कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अपने अंतिम मैच में कोरिया से 0-3 से हार गई। फीफा रैंकिंग में 20वें स्थान पर मौजूद कोरियाई टीम मध्यांतर तक 2-0 से आगे थी। कोरिया की तरफ से चोई यूजुंग (आठवें) और चोई डागयेओंग (27वें) ने पहले हाफ में गोल किए। उसकी तरफ से तीसरा गोल मुन यूनजु ने 81वें मिनट में किया। भारत ने इस टूर्नामेंट में तीन मैच खेले। उसने अपने पहले मैच में जॉर्डन को हराया था लेकिन इसके बाद उसे रूस और कोरिया से हार का सामना करना पड़ा।

### दुबई में भारतीय टीम से जुड़े गेंदबाजी कोच मोर्नी मोर्कल

**दुबई:** अपने घर पर 'इमरजेंसी' के कारण स्वदेश रवाना होने वाले भारत के गेंदबाजी कोच मोर्नी मोर्कल अब लौट आये हैं और बुधवार को अभ्यास सत्र के दौरान टीम के साथ नजर आये। मोर्कल को चैम्पियंस ट्रॉफी में 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ मैच से पहले ही भारतीय टीम को छोड़कर जाना पड़ा था। दक्षिण अफ्रीका के इस पूर्व तेज गेंदबाज को आईसीसी अकादमी पर अभ्यास से पहले मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ लंबी बातचीत करते देखा गया। टूर्नामेंट में भारत के लिये अब तक शानदार प्रदर्शन करने वाले बल्लेबाज शुभमन गिल के अलावा सभी अभ्यास के लिये मौजूद थे।

# जदरान और उमरजइ ने अफगानिस्तान को दिलाई जीत

## इंग्लैंड चैम्पियंस ट्रॉफी से बाहर



**लाहौर :** इब्राहिम जदरान के 177 रन और तेज गेंदबाज अजमतुल्लाह उमरजइ के पांच विकेट की मदद से अफगानिस्तान ने एक रोमांचक मुकाबले में बुधवार को इंग्लैंड को आठ रन से हराकर चैम्पियंस ट्रॉफी से बाहर कर दिया। इंग्लैंड की टीम दो मैच हार चुकी है और अब उसे ग्रुप बी के आखिरी लीग मैच में दक्षिण अफ्रीका से खेलना है जिसके आस्ट्रेलिया के बराबर तीन अंक हैं। अफगानिस्तान के अब दो अंक है और उसे अगले दौर में पहुंचने के लिये आखिरी ग्रुप मैच में आस्ट्रेलिया को हराना होगा। जीत के लिये 326 रन के लक्ष्य के जवाब में इंग्लैंड की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसने दो विकेट 30 रन पर गंवा दिये। उमरजइ ने 58 रन देकर पांच अहम विकेट लिये और एक गेंद बाकी रहते इंग्लैंड की पूरी टीम 317 रन पर आउट हो गई। जो रूट ने 111 गेंद में 120 रन बनाये जिसमें 11 चौके और एक छक्का था। उन्होंने बेन डकेट (38) के साथ तीसरे विकेट के लिये 68 रन की और कप्तान जोस बटलर के साथ पांचवें विकेट के लिये 83 रन की साझेदारी की। डकेट और बटलर के जल्दी आउट होने का खामियाजा इंग्लैंड को भुगतना पड़ा क्योंकि रूट एक छोर पर अकेले पड़ गए थे। रूट ने काफी संयम के साथ बल्लेबाजी की और जोखिम लेने से बचते रहे। उन्होंने राशिद खान की गेंद पर एक रन लेकर 17वां एक दिवसीय शतक पूरा किया। वह उमरजइ की गेंद पर विकेट के पीछे रहमानुल्लाह गुरबाज को कैच देकर लौटे। जैमी ओवरटन ने 28 गेंद में 32 रन बनाकर जीत की उम्मीदें कायम रखी थी लेकिन उमरजइ ने उन्हें भी रवाना कर दिया। इससे पहले सलामी बल्लेबाज जदरान के 177 रन की मदद से अफगानिस्तान ने सात विकेट पर 325 रन बनाये। जदरान ने 146 गेंद की अपनी पारी में 14 चौके और छह छक्के जड़े। कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी ने उनका पूरा साथ निभाते हुए 67 गेंद में 40 रन बनाये और चौथे विकेट की साझेदारी में 103 रन भी जोड़े। अजमतुल्लाह उमरजइ ने 31 गेंद में 41 रन बनाये और पांचवें विकेट के लिये 72 रन की साझेदारी की। बाद में जदरान ने मोहम्मद नबी के साथ छठे विकेट के लिये 111 रन जोड़े। नबी ने 24 गेंद में 40 रन बनाये।

## गिल आईसीसी वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार, कोहली पांचवें स्थान पर



**दुबई:** भारत को चैम्पियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में जगह दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने आईसीसी एक दिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। गिल ने यहां बांग्लादेश के खिलाफ नाबाद 101 और पाकिस्तान के खिलाफ 46 रन की पारी खेली थी। उन्हें इससे 21 रेटिंग अंक मिले और अब उनके 817 रेटिंग अंक हो गए हैं। पाकिस्तान के बाबर आजम दूसरे स्थान पर अब उनसे 47 अंक पीछे हैं जबकि पहले यह अंतर 23 अंक का था। पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 100 रन बनाने वाले विराट कोहली पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि केएल राहुल 15वें स्थान पर आ गए हैं। पाकिस्तान के खिलाफ शतक जमाने वाले न्यूजीलैंड के विल यंग आठ पायदान चढकर 14वें और टॉम लैथम 11 पायदान चढकर 30वें स्थान पर आ गए है। वहीं रचिन रविंद्र 18 पायदान चढकर अब 24वें स्थान पर हैं। आस्ट्रेलिया के एलेक्स कारी चार स्थान के फायदे के साथ 50वें और जोश इंगलिस 18 स्थान के फायदे के साथ 81वें स्थान पर हैं। गेंदबाजों में केशव महाराज और मैट हेनरी शीर्ष पांच में और एडम जम्पा शीर्ष दस में पहुंच गए हैं।

## जीत के साथ अभियान का अंत करने उतरेंगे पाकिस्तान और बांग्लादेश



**रावलपिंडी:** अपने पहले दो मैच में करारी हार झेलने के बाद सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो चुकी पाकिस्तान और बांग्लादेश की टीम गुरुवार को यहां होने वाले ग्रुप ए के मैच में जब आमने-सामने होंगी तो उनका लक्ष्य चैंपियंस ट्रॉफी के अपने अभियान का जीत के साथ अंत करना होगा। चैंपियंस ट्रॉफी जैसे टूर्नामेंट में गलतियों के लिए बहुत कम गुंजाइश होती है लेकिन मेजबान पाकिस्तान ने पहले दोनों मैच में लचर प्रदर्शन किया तथा न्यूजीलैंड और भारत से करारी हार झेलने के बाद उसका अपनी धरती पर चैंपियन बनने का सपना चकनाचूर हो गया। यही कहानी बांग्लादेश की रही जिससे इन दोनों टीमों के बीच होने वाला मैच औपचारिक रह गया है। इस मैच में अब दोनों टीम प्रतिष्ठा की खातिर एक दूसरे का सामना करेंगी। पाकिस्तान 29 साल बाद किसी वैश्विक प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है लेकिन टीम के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद अब देश के क्रिकेट ढांचे में आमूल चूल बदलाव करने की मांग उठ रही है। यह लगातार तीसरा अवसर है जबकि पाकिस्तान सीमित ओवरों की क्रिकेट के किसी वैश्विक प्रतियोगिता के पहले दौर में बाहर हो गया। इससे पहले 2023 में वनडे विश्व कप और 2024 में टी20 विश्व कप में भी पाकिस्तान की टीम पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाई थी। ऐसे समय में जबकि अन्य टीम बेखौफ और आक्रामक रवैया अपना रही है तब लगता है कि पाकिस्तान अतीत में जी रहा है। उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाज बेहद रक्षात्मक रवैया अपना रहे हैं। अपने बल्लेबाजों के इस तरह के रवैए के कारण पाकिस्तान की टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ रावलपिंडी में 161 और भारत के खिलाफ दुबई में 147 ऐसी गेंद खेली जिन पर रन नहीं बने। बल्लेबाजों के गलत शॉट का चयन, खराब क्षेत्ररक्षण और खिलाड़ियों के चोटिल होने से भी पाकिस्तान की परेशानियां बढ़ी।

## स्किवेर ब्रंट के हरफनमौला प्रदर्शन, मैथ्यूज के अर्धशतक से मुंबई ने यूपी को हराया



**बेंगलुरू :** नेट स्किवेर ब्रंट और हीली मैथ्यूज के अर्धशतकों और गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से मुंबई इंडियंस ने महिला प्रीमियर लीग के मैच में बुधवार को यूपी वारियर्स को आठ विकेट से हरा दिया। स्किवेर ब्रंट ने 18 रन देकर तीन विकेट लिये जिसके दम पर मुंबई इंडियंस ने यूपी वारियर्स को पहले बल्लेबाजी के लिये भेजकर नौ विकेट पर 142 रन ही बनाने दिये। इसके बाद इंग्लैंड की इस हरफनमौला ने 44 गेंद में नाबाद 75 रन बनाये जिसमें 13 चौके शामिल थे। उन्होंने दूसरे विकेट के लिये मैथ्यूज के साथ 82 गेंद में 133 रन भी जोड़े। मैथ्यूज ने 50 गेंद में 59 रन बनाये। मुंबई ने 17 ओवर में ही मैच जीत लिया। लगातार तीसरी जीत के साथ मुंबई इंडियंस छह अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि यूपी वारियर्स चौथे स्थान पर बने हुए हैं। मुंबई की पारी में मैथ्यूज को सोफी एक्सेलेटन ने शुरू ही में जीवनदान दिया। सात डॉट गेंद खेलने के बाद यास्तिका भाटिया अपना विकेट दीप्ति शर्मा को गंवा बैठी। इसके बाद मैथ्यूज और स्किवेर ब्रंट ने पारी को संभाला जिन्होंने साइमा ठाकोर को लगातार तीन चौके जड़े। इसके साथ ही चिनेले हेनरी के एक ओवर में 13 रन निकाले। मैथ्यूज ने ग्रेस हैरिस को दो चौके और एक छक्का जड़कर 22 रन निकाले। इससे पहले हैरिस के 26 गेंद में 45 रन के बावजूद यूपी वारियर्स की टीम मध्यक्रम के नाकाम रहने के कारण नौ विकेट पर 142 रन ही बना सकी।

## कोहली, तोड़ सकता हैं सचिन का सौ शतक का रिकॉर्ड : जाफर

**नयी दिल्ली :** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज और मुंबई के धुरंधर वसीम जाफर का मानना है कि विराट कोहली अगले तीन चार साल और खेल सकता है और सचिन तेंदुलकर का सौ अंतरराष्ट्रीय शतकों का रिकॉर्ड भी तोड़ सकता है। छत्तीस वर्ष के कोहली ने दुबई में चैम्पियंस ट्रॉफी के मैच में पाकिस्तान पर छह विकेट से मिली जीत में अपना 82वां अंतरराष्ट्रीय शतक लगाया। इससे पहले वह खराब फॉर्म से जूझ रहे थे। जाफर ने इंडिया कारपोरेट टी20 बैश के लांच के मौके पर कहा ,'' एक क्रिकेटप्रेमी के तौर पर आप विराट को ज्यादा से ज्यादा खेलते देखना चाहते हैं। पाकिस्तान के खिलाफ वह जिस तरह खेल रहा था, कोई नहीं चाहता था कि वह आउट हो। वह रन बनाता है तो सभी को खुशी होती है और मुझे यकीन है कि सभी चाहते हैं कि वह तीन चार साल और खेलकर सारे रिकॉर्ड तोड़े।''

## गुजरात जॉइंट्स के खिलाफ अपना अभियान पटरी पर लाने के लिए उतरेगा आरसीबी




**बेंगलुरु:** पिछले मैच में सुपर ओवर में मिली हार को भुलाकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) गुरुवार को यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर चल रही गुजरात जॉइंट्स की टीम के खिलाफ जीत दर्ज करके अपना अभियान वापस पटरी पर लाने की कोशिश करेगा। मौजूदा चैंपियन आरसीबी ने पहले दो मैच जीतकर इस सत्र में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की थी लेकिन इसके बाद उसे लगातार दो मैच में मुंबई इंडियंस और यूपी वॉरियर्स से हार का सामना करना पड़ा। दिल्ली कैपिटल्स की टीम मंगलवार को गुजरात जॉइंट्स के खिलाफ जीत दर्ज करके अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है और ऐसे में आरसीबी जीत की राह पर लौटने के लिए बेताब होगी। इस बीच गुजरात जॉइंट्स का लचर प्रदर्शन जारी है। उसकी टीम अभी तक चार मैच में से केवल एक मैच ही जीत पाई है और वह अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर है। पिछले मैच में दिल्ली से मिली हार से टीम अधिक आहत होगी क्योंकि वह बमुश्किल 100 रन के पार पहुंच पाई थी। स्मृति मंधाना की अगुवाई वाली आरसीबी की टीम की पिछले मैच में वॉरियर्स से मिली हार से आहत होगी क्योंकि उसने पूरे मैच में नियंत्रण बनाए रखा था लेकिन आखिर के तीन ओवर में 42 रन का बचाव नहीं कर पाई। यह मैच सुपर ओवर तक चला गया था जिसमें आरसीबी की टीम केवल चार रन ही बना सकी थी।



## व्यापार, प्रौद्योगिकी, पर्यटन के साथ उद्योग असम के विकास को देंगे गति: गोयल



**गुवाहाटी:** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि तीन टी... व्यापार, प्रौद्योगिकी और पर्यटन के साथ-साथ तीन आई... उद्योग, बुनियादी ढांचा और निवेश... असम को विकास की ओर ले जाएंगे। गोयल ने यहां एडवांटेज असम 2.0 निवेश एवं अवसंरचना शिखर सम्मेलन के समापन सत्र में कहा, 'असम में अभूतपूर्व प्रगति हो रही है, जो पूर्वोत्तर क्षेत्र के 'अष्टलक्ष्मी राज्यों' का सरताज है। राज्य के लोगों की प्रतिभा, कड़ी मेहनत और आतिथ्य के कारण यह और आगे बढ़ेगा।' उन्होंने कहा कि असम सरकार ने शिखर सम्मेलन के दौरान विभिन्न निवेश प्रस्तावों को खारिज कर दिया लेकिन उन व्यावहारिक और संभावित प्रस्तावों पर ध्यान केंद्रित किया जिन्हें लागू किया जा सकता है। मंत्री ने कहा कि राज्य में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं, विशेष रूप से हवाई अड्डों के आधुनिकीकरण से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा, 'असम को उच्च मूल्य वाले पर्यटन को आगे बढ़ाना चाहिए जो पर्यावरण को बनाए रखता है और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देता है।' गोयल ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त उद्यम के रूप में असम में भारत मंडपम जैसा एक स्थायी प्रदर्शनी हॉल और सम्मेलन केंद्र स्थापित किया जाएगा।

# पेट्रोल में एथनॉल मिश्रण को 20 प्रतिशत से अधिक करने पर विचार : पुरी



**गुवाहाटी:** पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बुधवार को कहा कि भारत पेट्रोल में एथनॉल मिश्रण के अपने लक्ष्य को बढ़ाकर 20 प्रतिशत से अधिक करने पर विचार कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस पर विचार करने के लिए नीति आयोग के तहत एक समिति गठित की गई है। 'एडवांटेज असम 2.0 व्यापार शिखर सम्मेलन' में पुरी ने कहा कि 19.6 प्रतिशत सम्मिश्रण पहले ही हासिल किया जा चुका है। उन्होंने कहा, 'हम 20 प्रतिशत से अधिक जैव ईंधन मिश्रण पर विचार कर रहे हैं। नीति आयोग समूह का गठन पहले ही किया जा चुका है और वे इस पर विचार कर रहे हैं।' पुरी ने कहा, 'हमने 2026 तक 20 प्रतिशत मिश्रण का लक्ष्य रखा था, लेकिन हम पहले ही 19.6 प्रतिशत हासिल कर चुके हैं। मुझे यकीन है कि हम अगले महीने 20 प्रतिशत तक पहुंच जाएंगे।' उन्होंने कहा कि देश में 1,700 करोड़ लीटर मिश्रण की क्षमता है और पहले से ही 1,500 करोड़ लीटर का इस्तेमाल किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि भारत विभिन्न प्रकार के ईंधन आयात पर 150 अरब अमेरिकी डॉलर खर्च कर रहा है और एक क्षेत्र जहां ध्यान नहीं दिया जा रहा है.. वह है हरित हाइड्रोजन। पुरी ने हाइड्रोकार्बन पर सत्र में उपस्थित सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों और निजी ऊर्जा कंपनियों के प्रतिनिधियों से कहा, 'हरित हाइड्रोजन की कीमत वर्तमान में 4.5 अमेरिकी डॉलर है। यदि आप इसे 2.5 अमेरिकी डॉलर के करीब ला सकें, तो क्रांति आ जाएगी। हम पारंपरिक ईंधन से हरित हाइड्रोजन की ओर बड़े पैमाने पर बदलाव देखेंगे।'' उन्होंने कहा कि हर देश स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ रहा है, लेकिन इसके लिए अर्थव्यवस्था की चुनौतियों से निपटना होगा और मांगों को पूरा करना होगा। उन्होंने कहा, ' भारत जैसी अर्थव्यवस्था जो छह से सात प्रतिशत की दर से बढ़ रही है, उसे ईंधन की जरूरत है। स्वच्छ भविष्य के लिए हमें वर्तमान में टिके रहने की जरूरत है।'' पुरी ने कहा कि भले ही भारत के सामने विकास संबंधी चुनौतियां है लेकिन सभी जीवाश्म ईंधन उत्पादन कंपनियां 2045 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन हासिल कर लेंगी। हाइड्रोकार्बन के अन्वेषण और उत्पादन (ईएंडपी) पर पुरी ने कहा कि 2030 तक उत्पादन 50 लाख टन तक पहुंचने की संभावना है।

## न्यूज अपडेट

### स्पाइसजेट को अक्टूबर-दिसंबर 2024 तिमाही में 26 करोड़ रुपये का मुनाफा

**नयी दिल्ली:** विमानन कंपनी स्पाइसजेट का अक्टूबर-दिसंबर 2024 तिमाही का शुद्ध लाभ 26 करोड़ रुपये रहा। कंपनी को अक्टूबर-दिसंबर 2023 तिमाही में 300 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। विमान कंपनी की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 'कुल राजस्व में 35 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 1,651 करोड़ रुपये रहा। बढ़ती यात्रियों की संख्या, परिचालन दक्षता में वृद्धि आदि इसकी मुख्य वजह रही। पैसेंजर लोड फैक्टर (पीएलएफ) 87 प्रतिशत के प्रभावशाली स्तर पर रहा।' कुल राजस्व जुलाई-सितंबर 2024 तिमाही में 1,077 करोड़ रुपये रहा था। हालांकि, अक्टूबर-दिसंबर 2023 तिमाही में दर्ज 2,149 करोड़ रुपये की तुलना में अक्टूबर-दिसंबर 2024 तिमाही में कुल राजस्व कम रहा। कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अजय सिंह ने विज्ञप्ति में कहा, 'एक दशक में पहली बार कंपनी की 'नेटवर्थ' सकारात्मक दर्ज किया गया। यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है जो हमारी 'टर्नअराउंड' रणनीति की सफलता को रेखांकित करती है। ...अब हम स्पाइसजेट के लिए एक मजबूत, अधिक लचीले भविष्य के निर्माण पर दृढ़ता से ध्यान दे रहे हैं।' अक्टूबर-दिसंबर 2024 तिमाही में कंपनी का 'नेटवर्थ' 70 करोड़ रुपये रहा। चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही के परिणाम मंगलवाल को घोषित किए जाने थे।

### असम व्यापार शिखर सम्मेलन में 4.78 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव

**गुवाहाटी:** असम सरकार को व्यापार शिखर सम्मेलन में कुल 4.80 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। मुख्य सचिव रवि कोटा ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, 'एडवांटेज असम 2.0 निवेश एवं अवसंरचना शिखर सम्मेलन' के समापन समारोह के दौरान राज्य सरकार और विभिन्न कंपनियों के बीच 2.75 लाख करोड़ रुपये के लगभग 270 समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। कोटा ने कहा, 'हमें अबतक लगभग 4.78 लाख करोड़ रुपये के कुल निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इसमें शीर्ष उद्योगपतियों के एमओयू और घोषणाएं शामिल हैं।' उन्होंने कहा कि कुल आंकड़े में मुकेश अंबानी और गौतम अदाणी जैसे उद्योगपतियों द्वारा की गई 1.25 लाख करोड़ रुपये और बुनियादी ढांचे के विकास में सरकारी कंपनियों की 78,000 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणाएं शामिल हैं।

### विश्व बैंक भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर उत्साहित, देश की क्षमता में भरोसा जताया

**गुवाहाटी:** विश्व बैंक ने बुधवार को भारतीय अर्थव्यवस्था में दृढ़ विश्वास व्यक्त किया और सभी से देश में आकर निवेश करने की अपील की। एडवांटेज असम 2.0 व्यापार सम्मेलन को संबोधित करते हुए विश्व बैंक के कंट्री निदेशक ऑगस्टे तानो कोउमे ने कहा कि वृद्धि दर में मामूली गिरावट के बावजूद विश्व बैंक भारत की आर्थिक संभावनाओं को लेकर आशान्वित है। उन्होंने कहा, 'हम इस समय भारत की वृद्धि को लेकर चिंतित नहीं हैं। हम भारत को लेकर बहुत उत्साहित हैं और आगे भी उत्साहित रहेंगे।' उन्होंने जोर देकर कहा कि आर्थिक वृद्धि में एक प्रतिशत का उतार-चढ़ाव विश्व बैंक के सकारात्मक दृष्टिकोण को नहीं बदलेगा। उन्होंने कहा, 'अगर कोई हालिया आंकड़ों को लेकर चिंतित है, तो हम कहना चाहेंगे कि चिंता न करें। भारत दुनिया का उज्ज्वल स्थान है। अगर आप निवेश करना चाहते हैं, तो यहां आएं और निवेश करें। भारत की वृद्धि दर इसे निवेश के लिए एक बेहतरीन जगह बनाती है।'

## असम में 80,000 करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाओं पर काम जल्द शुरू होगा: गडकरी



**गुवाहाटी:** सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि असम में 80,000 करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाओं पर काम जल्द ही शुरू होगा। उन्होंने कहा कि इस पहल के तहत ब्रह्मपुत्र नदी के नीचे एक सुरंग, काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में एक एलिवेटेड कॉरिडोर और गुवाहाटी रिंग रोड सहित प्रमुख परियोजनाएं शुरू की जाएंगी। 'एडवांटेज असम 2.0 व्यापार शिखर सम्मेलन' में सड़क, रेलवे और नदी अवसंरचना पर आयोजित सत्र को ऑनलाइन संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 2029 तक उनके मंत्रालय के तहत राज्य में तीन लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं पूरी हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि राज्य में 60,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं पर काम पहले से ही जारी है और वे विभिन्न चरणों में पूरी हो रही हैं। मंत्री ने कहा कि इनमें वे परियोजनाएं शामिल हैं जो न केवल राज्य के भीतर संपर्क में सुधार करेंगी बल्कि त्रिपुरा और नगालैंड के साथ सड़क संचार को भी बढ़ावा देंगी। गडकरी ने कहा कि राज्य में 80,000 करोड़ रुपये की अन्य परियोजनाएं शुरू होने वाली हैं। इसके तहत प्रमुख परियोजनाओं में नुमालीगढ़ और धौलपुर को जोड़ने वाली ब्रह्मपुत्र के नीचे 15,000 करोड़ रुपये की सुरंग, काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में 6,000 करोड़ रुपये का एलिवेटेड कॉरिडोर और गुवाहाटी रिंग रोड शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जोगीघोपा में 'मल्टी-मॉडल' लॉजिस्टिक्स केंद्र लगभग पूरा हो चुका है और इसे जल्द ही खोला जा सकता है।

## पांच माह में 14 प्रतिशत से ज्यादा गिरा निफ्टी, एफआईआई निकासी बनी बड़ी वजह



**नयी दिल्ली:** घरेलू शेयर बाजार के मानक सूचकांकों में पिछले पांच महीनों में खासी गिरावट दर्ज की गई है। इस दौरान नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी अपने सर्वकालिक उच्चस्तर से 14 प्रतिशत से अधिक गिर चुका है जबकि बीएसई सेंसेक्स अपने रिकॉर्ड स्तर से 13.23 प्रतिशत नीचे आ चुका है। प्रमुख सूचकांकों में आई इस गिरावट के पीछे उच्च मूल्यांकन, विदेशी कोषों की लगातार निकासी, कंपनियों के निराशाजनक तिमाही नतीजे और बढ़ते वैश्विक व्यापार तनाव की अहम भूमिका रही है। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स पिछले साल 27 सितंबर को 85,978.25 के अपने रिकॉर्ड शिखर पर पहुंच गया था। उसी दिन निफ्टी ने भी 26,277.35 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर को हासिल किया था। उसके बाद से घरेलू शेयर बाजारों में क्रमिक गिरावट का दौर शुरू हो गया और मानक सूचकांक लगातार नीचे आते गए। पिछले पांच महीनों में निफ्टी अपने सर्वकालिक उच्चस्तर से 3,729.8 अंक यानी 14.19 प्रतिशत गिर चुका है। वहीं सेंसेक्स अपने रिकॉर्ड शिखर से 11,376.13 अंक यानी 13.23 प्रतिशत नीचे है। मास्टर ट्रस्ट ग्रुप के निदेशक पुनीत सिंघानिया ने कहा, ''इस स्तर की गिरावट आमतौर पर कई कारकों के एक साथ आने से होती है। कई बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजे उम्मीद से कमतर रहने के बाद निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई।

## इंडिगो अंतरराष्ट्रीय परिचालन के लिए तीन बोइंग 787 विमानों को पट्टे पर लेगी

**मुंबई:** यूरोप के लिए उड़ानें शुरू करने की तैयारियों में जुटी घरेलू एयरलाइन इंडिगो ने बुधवार को कहा कि वह नॉर्स अटलांटिक एयरवेज के साथ समझौते के तहत अपने बेड़े में तीन अन्य बोइंग 787-9 विमान शामिल करेगी। फिलहाल गुरुग्राम मुख्यालय वाली एयरलाइन दिल्ली और मुंबई से इस्तांबुल के लिए तुर्की एयरलाइंस से पट्टे पर लिए गए चौड़े आकार वाले दो बोइंग 777 विमानों का संचालन करती है। इंडिगो ने फरवरी की शुरुआत में नॉर्स अटलांटिक एयरवेज के साथ एक बोइंग 787 विमान को पट्टे पर लेने के लिए एक सौदे की घोषणा की थी। इंडिगो ने बयान में कहा कि इस सौदे में शामिल बोइंग 787 विमान की आपूर्ति प्रक्रिया पटरी पर है। कंपनी ने कहा कि वह एक मार्च, 2025 से दिल्ली-बैंकॉक मार्ग पर परिचालन शुरू करने वाली है। इसके साथ ही एयरलाइन ने तीन बोइंग 787-9 विमानों को पट्टे पर लेने के लिए नॉर्स अटलांटिक एयरवेज के साथ एक डैम्प लीज समझौता किए जाने की भी जानकारी दी। ये विमान वर्ष 2025 की दूसरी छमाही में भारत पहुंचेंगे और भारत से बाहर लंबी दूरी के मार्गों पर सेवाएं देंगे। डैम्प लीज समझौते में पट्टेदार विमान देने के साथ उसका रखरखाव भी करता है जबकि चालक दल एवं बीमा का इंतजाम पट्टा लेने वाली एयरलाइन को करना होता है। एयरलाइन ने कहा कि इन तीन विमानों का डैम्प लीज समझौता छह महीने के लिए हुआ है लेकिन नियामकीय अनुमोदन के अधीन इसे 18 महीने तक बढ़ाया जा सकता है। इंडिगो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पीटर एल्बर्स ने कहा कि यह महत्वपूर्ण उपलब्धि इंडिगो की अपनी वैश्विक उपस्थिति को व्यापक बनाने और अपने ग्राहकों को यात्रा के अधिक अवसर प्रदान करने की रणनीतिक प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है।

वर्ष 9, पूर्णांक 4162 अंक 312, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in